तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार 17 मई 2026

## नियमों की अवहेलना करने पर स्टोन क्रेशर पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** प्रदूषण बोर्ड के नियमों की अवहेलना करने के आरोप में पुलिस ने रकबा बेलगढ़ में कमलेश स्टोन क्रेशर के खिलाफ केस दर्ज किया है। स्टोन क्रेशर पर अवैध माइनिंग करने का भी आरोप है। जानकारी के अनुसार एचसीपीसीबी के रीजनल अधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि उसे काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि गांव बेलगढ़ स्थित स्टोन क्रेशरों पर नियमों की अनदेखी की जा रही है। सूचना मिलते ही उसने गांव बेलगढ़ स्थित कमलेश स्टोन क्रेशर पर छापेमारी कर गड़बडियां पकड़ी गई।

**खबर संक्षेप**

### बाइक सवार युवकों ने हाथ से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** शहर के एसएनवी सरकारी स्कूल के पास बाइक सवार युवकों ने व्यक्ति के हाथ से मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश के जिला अमरोहा निवासी प्रमोद कुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वह तेजली गांव के नजदीक रहता है। 15 मई को दोपहर तीन बजे वह शहर में किसी काम से आया था। जब वह एसएनवी सरकारी स्कूल के पास पहुंचा तो वहां पर बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गए।

### घर में घुसकर लोहे की रॉड व लाठी डंडों से हमला

**यमुनानगर।** गांव ब्राह्मण माजरा में पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों द्वारा घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अरविंद ने बूड़िया थाना पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले गांव के ज्ञानचंद और उसके बेटे रजनीश के साथ उसकी कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आरोपी उससे रंजिश रखने लगे।आरोप है कि 15 मई दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ज्ञानचंद, रजनीश, सुनील, भूषण, सुभाष उर्फ रिंकू और विशु उसके घर में घुस आए और लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में अरविंद और उसके परिवार की सदस्य वर्षा घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

मॉर्निंग वॉक पर निकली लेडी लेक्चरर, 20 सेकेंड तक जूझती रहीं

## जिंदल सिटी में अध्यापिका पर कुत्तों के झुंड का हमला

**डॉग कैचर वैन पहुंची तो कॉलोनी में हुआ विवाद**

- मुंह और गर्दन पर झपटे कुत्ते, बाल-बाल बचीं अध्यापिका
- आवारा कुत्तों के हमले से दहशत में कॉलोनीवासी
- कुत्तों के हमले के बाद सीएम विंडो पहुंची शिकायत



जानकारी देती अध्यापिका डॉ. मिंटो भारद्वाज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिंदल सिटी में महिला अध्यापक पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। लेडी लेक्चरर 20 सेकेंड तक कुत्तों से जूझती रहीं। कुत्ते उनके मुंह और गर्दन तक नोचने की कोशिश करते रहे, लेकिन अध्यापिक ने किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद कॉलोनी के लोगों ने नगर परिषद की डॉग कैचर वैन बुलवाई, लेकिन यहां भी नया विवाद खड़ा हो गया। कुछ डॉग लवर्स ने कुत्तों को पकड़ने का विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने वैन को आगे नहीं बढ़ने दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। कॉलोनी के लोगों ने मामले की शिकायत सीएम विंडो पर डाली है। आईटीबीपी के पूर्व अधिकारी सुभाष भारद्वाज की पत्नी और रत्नडेरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत अध्यापिक डॉ. मिंटो भारद्वाज ने बताया कि वे रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थीं। घर से करीब 100 मीटर दूर पहुंची, तो अचानक कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। कुत्ते ने मुझे कई जगह काट चुके थे। फिर वे मेरे मुंह और गर्दन की तरफ आने लगे। एक कुत्ता गर्दन पर झपट रहा था और दूसरा मेरे मुंह तक पहुंच गया था। मुझे उसका जबड़ा साफ दिखाई दे रहा था। मैं लगातार खुद को छुड़ाने की कोशिश कर रहीं। वे लगातार मुंह और गर्दन पर अटैक करने की कोशिश कर रहे थे। फिर अचानक पता नहीं क्या हुआ, वे भाग गए। मैंने कई वीडियो देखे थे कि जब कुत्ते किसी के पीछे पड़ जाएं तो आसानी से नहीं छोड़ते। उन वीडियो में मैंने अटैक होने पर बचने की ट्रिक भी देखी थी। इस कारण कुत्ते उनकी गर्दन और मुंह तक नहीं पहुंच सके। डॉ. मिंटो ने बताया कि वह ब्रह्माकुमारी से जुड़ी हैं और मेडिटेशन करती हैं। मुझे लगता है कि ये भगवान का चमत्कार था। अब अकेले घर से बाहर निकलने में डर लगता है। कुछ दिन पहले एक बच्चे को खींचने की कोशिश तक की गई। बुजुर्ग महिला और घर में काम करने के लिए आने वाली महिलाओं को यहां कुत्ते काट चुके हैं।

## कुरुक्षेत्र में लिव-इन पार्टनर ने की जहर देकर दुकानदार की हत्या

### वारदात को अंजाम देकर बच्चों के साथ फरार हुई महिला

- बेटी ने लगाए हत्या के आरोप पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मोहन नगर में एक दुकानदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। स्वजन ने दुकानदार की लिव-इन पार्टनर पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से महिला अपने दोनों बच्चों समेत फरार है। पुलिस ने मृतक की बेटी की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोहन नगर निवासी 46 वर्षीय राम अवतार के रूप में हुई है, जिसकी अग्रसेन चौक के पास मनियारी की दुकान थी। बताया जा रहा है कि करीब एक साल पहले राम अवतार की पत्नी की मौत हो गई थी। इसके बाद वह दिल्ली निवासी महिला के संपर्क में आया। दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई और पिछले महीने 20 अप्रैल को महिला अपने एक बेटे और एक बेटी के साथ राम अवतार के घर आकर रहने लगी। राम अवतार की बेटी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके पिता ने खुद परिवार को कहा था कि आरोपित महिला अब उनके साथ ही रहेगी। शुरूआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद आरोपित महिला ने घर में महंगे सामान की मांग शुरू कर दी। राम अवतार ने उसकी मांग पर नया फ्रिज, अलमारी, बेड सहित अन्य घरेलू सामान खरीदा। परिवार पहले से ही मकान और अन्य लोन के कर्ज में दबा हुआ था, इसके बावजूद खर्च लगातार बढ़ता गया। आरोप है कि महिला के कहने पर उसके बेटे का दाखिला भी शहर के एक निजी स्कूल में कराया गया। मृतक की बेटी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह अपने भाई-बहनों के साथ नीचे कमरे में थी, जबकि उसके पिता आरोपित महिला व उसके दोनों बच्चे ऊपर कमरे में मौजूद थे। इसी दौरान ऊपर से पिता के चीखने की आवाज आई। जब वे ऊपर पहुंचे तो महिला ने उन्हें नीचे भेज दिया। कुछ देर बाद दोबारा ऊपर जाने पर राम अवतार लोहे की फोल्डिंग पर पड़े मिले। उनके सिर पर चोट के निशान थे और मुंह से सफेद झाग निकल रहे थे। स्वजन तुरंत उन्हें विभिन्न अस्पतालों में लेकर गए, लेकिन एलएनजेपी अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपित महिला अपने दोनों बच्चों के साथ फरार हो गई। बेटी के बयान पर आरोपित महिला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बसताड़ा स्टेडियम के पास युवक का शव मिला, सिर के पीछे गहरी चोट के निशान

- मृतक के शरीर पर बने गोल्डी, लक्की, शिवा नाम के टैटू के आधार पर पहचान की की जा रही है कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जीटी रोड स्थित बसताड़ा खेल स्टेडियम के पास एक अज्ञात युवक की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंकने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 24 वर्ष है। युवक के सिर के पीछे गहरी चोट का निशान मिला है। प्रारंभिक जांच में गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी। शरीर पर अन्य चोटों के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने शव को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवा दिया है। युवक की पहचान नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम फिलहाल नहीं कराया गया है। आसपास के जिलों और थानों में भी जानकारी भेजी गई है। युवक के शरीर पर चार टैटू बने हुए हैं। दाहिनी बाजू पर 'गोल्डी', हथेली पर 'लक्की', बाईं बाजू पर 'आदी'बना है।

## नशा तस्कर को 20 साल की कैद और जुर्माना

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज-कम- फास्ट ट्रेक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी नरेंद्र पुत्र रामकिशन निवासी गांव मुआना जिला जींद को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज चौधरी की अदालत ने दोषी नरेंद्र पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी किया है। जुर्माना नहीं देने पर नरेंद्र को एक साल का अतिरिक्त कर कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस की सीआईए थ्री ने नरेंद्र को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में 21 नवंबर सन 2019 को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने नरेंद्र के पास से डेढ़ किलो चरस बरामद की थी। वहीं नरेंद्र पर थाना माडल टाउन में 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया था। इधर, सरकारी वकील कुलदीप ढुल की दलीलों के आधार पर जज योगेश चौधरी की अदालत ने दोषी नरेंद्र को समाज के लिए खतरा मानते हुए उसे बीस साल के कारावास की सजा दी है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर से गिरे दिव्यांग युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रतनपुरा थर्मल पावर प्लांट के पास दिव्यांग युवक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। ट्रैक्टर का टायर चढ़ने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव छोटा लापरा निवासी आरिफ ने बताया कि उसका ताऊ का लड़का 32 वर्षीय शारून बचपन से दिव्यांग था और पशुपालन का काम करता था। वह शुक्रवार शाम को गांव के ही युवक जब्बार के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में थर्मल प्लांट की राख लेने के लिए गया था। गांव रतनपुरा के पास शारून अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। जिसके बाद ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे में शारून गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नारायणगढ़ अस्पताल में **21.86** लाख का गबन मामला

## सही बिलों पर हस्ताक्षर करवाकर पोर्टल पर बढ़ा देता था राशि

**सीएम फ्लाइंग जांच में क्लर्क की चालाकी उजागर**

- रेड के बाद अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी सहमे, संलिप्त लोगों को नौकरी जाने का डर सता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर




नारायणगढ़ के नागरिक अस्पताल में सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी सदमे में है। जांच के दौरान यहां उजागर 21.86 लाख के गबन मामले में अब हर अफसर व कर्मचारी सहमा हुआ है। खासकर जो इस गबन के मामले में संलिप्त है उन्हें अपनी नौकरी व भविष्य की चिंता सता रही है। जांच में एक के बाद एक खुलासे हुए है। पता चला है कि आरोपी सुभाष चंद ही अस्पताल के सभी वेतन व मेडिकल बिल तैयार करता था। वह डीडीओ के समक्ष सही बिलों की प्रिंट कॉपी पर हस्ताक्षर करवाता था लेकिन बाद में ई-सैलरी पोर्टल पर डिजिटल हस्ताक्षर के समय चालाकी से भत्तों की राशि बढ़ा देता था। इस तरह से ई-सैलरी पोर्टल के माध्यम से करीब 21.86 लाख रुपये के सरकारी धन के गबन हो गया। अस्पताल के एसएमओ डॉ. रूपिंद्र सिंह सैनी पर डीडीओ का चार्ज होने के कारण उनकी भूमिका भी जांच के घेरे में है। सीएम फ्लाइंग की जांच में सामने आया कि 11 मई को राशि 1,44,308 लाख रुपये खजाना से क्लेम करते समय तृतीया एसीपी के एरियर का गलत आदेश बनाकर राशि निकाला जाना पाया गया, जबकि तृतीया एसीपी का एरियर सुभाष चंद द्वारा पहले ही 19 अगस्त 2025 को क्लेम कर लिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक उक्त 11,93,470 लाख रुपये में से सुभाष चंद द्वारा बिल बनाकर प्रिंट लेने के बाद बिलों की प्रतियों पर डीडीओ के हस्ताक्षर करवा कर कुल 3,91,134 लाख रुपये अतिरिक्त राशि क्लेम करना पाया गया। डीडीओ के समक्ष जो बिल बनाकर प्रिंट लेकर हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत किए गए, जिन बिलों पर डीडीओ के हस्ताक्षर हैं उन बिलों में अतिरिक्त क्लेम की गई राशि नहीं दर्शाई गई है, जबकि डीडीओ से सही बिलों पर हस्ताक्षर करवाने के बाद ई-सेलरी पोर्टल पर फेरबदल करके वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक 8,02.336 लाख रुपये अतिरिक्त खजाना से डीडीओ के डिजिटल हस्ताक्षर के बाद क्लेम करना पाया गया जो 11,93,470 रुपये पाया गया। इस तरह से कुल 21.86,870 रुपये अतिरिक्त राशि अवैध वेतन के रूप में सरकारी खजाने से गबन किया गया। बता दें कि सीएम फ्लाइंग की टीम ने 12 मई को स्वास्थ्य केंद्र में दबिश देकर 94 लाख के गबन के मामले को उजागर किया था। मल्टी पर्पज हेल्थ वर्कर 74 हजार के मूल वेतन की जगह हर महीने 7.80 लाख रुपये वेतन डलवा रहा था। अधिकारियों संग मिलकर कर्मचारी ने 94 लाख रुपये का गबन कर दिया था ऐसे में नारायणगढ़ में भी इसी तरह से हुए गबन के मामले के तार इस मामले से जुड़ते दिख रहे हैं।

### जेल में मोबाइल फेंकने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जेल में मोबाइल फेंकने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने कार्रवाई करते हुए हरप्रीत उर्फ हैपी निवासी खेड़ी मारकंडा को गिरफ्तार किया है। थानेसर पुलिस को उप जेल अधीक्षक शिवेंद्र पाल सिंह ने शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि 24 अप्रैल 2025 को जिला जेल कुरुक्षेत्र में तलाशी के दौरान बंदी राजकुमार से बिना सिम का मोबाइल फोन बरामद हुआ था। इस मामले में पहले भी कार्रवाई करते हुए 15 अक्टूबर 2025 को आरोपी राजकुमार, 18 अक्टूबर को उमराव उर्फ अमर और 4 नवम्बर को अजय को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब पुलिस ने मोबाइल जेल में फेंकने वाले मुख्य आरोपी हरप्रीत उर्फ हैपी को भी दबोच लिया है।अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम में मुख्य सिपाही संदीप कुमार, अनिरुद्ध और सिपाही जय किशन शामिल रहे। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## वाहन चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना व्यासपुर पुलिस टीम ने गांव कोटड़ा स्टेडियम के पास घूम रहे दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की बाइक को लेकर गांव कोटडा स्टेडियम के पास घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही सुनील कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिये। टीम ने उनको रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान गांव मुजाफत निवासी मनोज कुमार उर्फ काका व गांव मछरौली निवासी प्रवीण कुमार उर्फ चेतन के नाम से हुई। आरोपी ने यह बाइक 11 मई को गांव मुजाफत से चोरी की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक के हिरासत में भेज दिया।



**यमुनानगर।** व्यासपुर पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी बाइक चोर।

### 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी में काबू

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना बराड़ा में दर्ज 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में दूसरे मुख्य आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि लुधियाना के शिकायतकर्ता मेजर सिंह ने दिसंबर 2022 में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि वर्ष 2020 में यशविंद्र सिंह उर्फ यश और उसके साथियों ने पैसे दोगुना करने का झांसा देकर उनसे 22 लाख रुपये की ठगी की थी। ठगी के बाद आरोपियों ने न तो पैसे बढ़ाए और न ही मूल रकम वापस की। सीआईए-1 की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी रोहित को 15 मई को काबू किया। आरोपी से ठगी की गई राशि की बरामदगी और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उसे रिमांड पर लिया गया है। एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है।



## खबर संक्षेप



### श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई शनि जयंती

**इंद्री।** श्री हनुमान मंदिर इंद्री में मंदिर सुधार सभा द्वारा शनि जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा प्रधान रमेश सिंगला ने की। इस दौरान मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में आचार्य मोहित शर्मा एवं अशोक शर्मा ने विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ करवाया और पवन सिंगला ने यजमान के रूप में पूजा-अर्चना करवाई। हवन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया ।

### अभिभावक-प्राध्यापक बैठक का आयोजन

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह बागी के निर्देशन में अभिभावक-प्राध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रो. राजकुमार ने की व संचालन डॉ. दीपा शर्मा ने किया । इस मौके पर डॉ. दीपा शर्मा ने कहा कि इस बैठक का आयोजन हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग की नीतिगत पहल के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रो. राजकुमार ने कहा कि बदलते समय की आवश्यकताओं को देखते हुए छात्रहित में अभिभावकों और प्राध्यापकों के बीच निरंतर संवाद अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध सहायता सुविधाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। प्राध्यापिका पूजा ने नशे की समस्या से जूझ रहे युवा वर्ग तथा उससे बचाव में अभिभावकों और प्राध्यापकों की भूमिका पर चर्चा की। इस मौके पर प्रो. अनिल कुमारी, प्रो प्रदीप वत्स, डॉ. सोनिया, डॉ. भारती, डॉ. मंजू मलिक, डॉ. गीता व प्रो विभा गोयल सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छ हरियाणा मिशन का सफल आयोजन

**तरावड़ी।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार और नगर पालिका सचिव अजीत कुमार तरावड़ी के आदेशानुसार शहर तरावड़ी में लगातार निर्मल ताऊ निर्मला ताई का स्वच्छ हरियाणा मिशन 1 मई से 16 मई 2026 तक लगातार चलाया गया । नगर पालिका तरावड़ी की स्वच्छता टीम ने इस अभियान को नई सोच नया शहर के नारे के साथ एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जन भागीदारी, वार्ड कमेटी व एरिया सभा को साथ लेकर जन जन तक पहुंचाने का काम किया । नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि निर्मल ताऊ निर्मला ताई का जो स्वच्छ हरियाणा मिशन चला हुआ है उसमें हमने शहर की जन भागीदारी को साथ लेकर चलना है और अपने शहर तरावड़ी को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाना है । शहर से पॉलिथीन को समाप्त करने के लिए नगर पालिका तरावड़ी द्वारा कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। इन थैलों को वितरित करने का मुख्य उद्देश्य आम-जन की आदतों में परिवर्तन करना है ताकि लोग कपड़े के थैलों का प्रयोग करना शुरू कर दे ।

## चेतावनी : कीमतें वापस नहीं हुईं तो सड़कों पर होगा आंदोलन

# पेट्रोल-डीजल के बढ़े दामों पर कांग्रेस ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

कांग्रेस सेवादल ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया है। आयोजित बैठक में सेवादल नेताओं ने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है और बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए आम आदमी पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौहान और महिला इकाई की राज्य प्रधान सुनीता शर्मा ने की। पूनम चौहान ने कहा कि पेट्रोल और डीजल महंगे होने से परिवहन खर्च बढ़ेगा और इसका असर हर वस्तु की कीमत पर पड़ेगा। इससे आम आदमी की जेब पर सबसे ज्यादा असर होगा। प्रदेश महासचिव जसबीर पन्नू और जिला प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि यदि सरकार ने बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं लीं तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले पेट्रोल की कमी नहीं होने के दावे करती है, फिर खपत कम करने की अपील करती है और अब कीमतें बढ़ाकर जनता को परेशान कर रही है।

- कांग्रेस सेवादल ने कहा, सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में नाकामयाब



**करनाल।** कांग्रेस सेवादल के सदस्य बैठक के दौरान रोष जताते हुए।

### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान बलजीत चौहान, गुरमीत सिंह, हरदीप कौर, सुनीता रानी, सुखबीर सिंह, राजपाल सिंह और सुनील शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।।

### बढ़े दाम वापस लेने की मांग

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के वाइस चेयरमैन जीतराम कश्यप ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा सरकार जनता पर लगातार महंगाई का बोझ डाल रही है। जीतराम कश्यप ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पहले ही कांग्रेस ने आशंका जताई थी कि चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए जाएंगे और अब वही हुआ है। भाजपा चुनाव के समय जनहितैषी वादे करती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उसका जनविरोधी चेहरा सामने आ जाता है। सरकार पहले एलपीजी गैस के दाम बढ़ा चुकी है।

## गरीबों व जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रयासरत : कबीरपंथी



**तरावड़ी।** विधायक भगवानदास कबीरपंथी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी क्षेत्र में गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विधायक द्वारा बीपीएल परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने, पात्र लोगों के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। शहर व गांवों में नगर पालिका और पंचायतों के माध्यम से सडक़ों, गलियों, सामुदायिक केंद्रों, नालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए ग्रांट भी मंजूर करवाई जा रही है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और हर वर्ग के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने विधायक द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों और जनसेवा की सराहना की है।

## डीएवी पीजी कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'आर्य सिन्धु' का लोकार्पण

- विद्यार्थियों की प्रतिभा और कॉलेज उपलब्धियों का दर्पण है पत्रिका : प्रो. डॉ. रामपाल सैनी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



डीएवी पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कॉलेज पत्रिका 'आर्य सिन्धु' का विधिवत लोकार्पण किया गया। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने पत्रिका का विमोचन करते हुए इसे कॉलेज का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि कॉलेज पत्रिका में पूरे वर्ष के दौरान संस्थान की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों का संकलन होता है। यह केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा, चिंतन क्षमता और शैक्षणिक विकास का दर्पण है।विद्यार्थियों को ऐसे मंचों के माध्यम से अपनी लेखन क्षमता और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलता है। वर्तमान डिजिटल युग में भी प्रिंट माध्यम का अपना अलग महत्व है और कॉलेज पत्रिका शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बनती है। मुख्य संपादिका डॉ. पूनम वर्मा ने पत्रिका के प्रकाशन संबंधी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों की साहित्यिक रचनाएं, शोधपरक लेख, कविताएं, कहानियां, सांस्कृतिक गतिविधियां और कॉलेज की उपलब्धियों को स्थान दिया गया है। उन्होंने संपादकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### हमले के पांच दिन बाद घायल ने तोड़ा दम

**करनाल।** मेरठ रोड स्थित गौरव ढाबे के बाहर 11 मई को युवक के साथ मारपीट कर उस पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मेरठ रोड निवासी 24 वर्षीय भुवनेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है। पहले स्वजन शव लेने को तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस के आश्वासन के बाद वे मान गए। पुलिस मामले में आरोपित युवकों से पूछताछ कर रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

मृतक के पिता राजीव चौधरी ने बताया कि 11 मई की रात उनका बेटा भुवनेश अपने तीन साथियों के साथ मेरठ रोड स्थित गौरव ढाबे पर खाना खाने गया था। इसी दौरान एक वर्ना कार वहां आई और कुछ देर रुकने के बाद चली गई। उस समय भुवनेश अपनी गाड़ी के पास खड़ा होकर फोटो खिंचवा रहा था। आरोप है कि थोड़ी देर बाद वही कार दोबारा वहां पहुंची।

## युवा भाजपा नेता रवि कबीरपंथी ने की क्षेत्र की खुशहाली एवं स्मृद्धि की प्रार्थना

- श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाई गई भगवान शनिदेव जयन्ती

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के प्राचीन शनि मन्दिर में भगवान शनिदेव की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता रवि कबीरपंथी ने प्राचीन शनि मंदिर में केक काटकर भगवान शनिदेव की जयन्ती मनाई इस अवसर पर सबको बधाई दी। उन्होंने भगवान शनि देव के समक्ष मत्था टेक कर क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। आज सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव को तेल, काला तिल और पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर अटूट भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक भगवान दास के सुपुत्र युवा भाजपा नेता रवि कबीरपंथी ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय के देवता माने जाते हैं और उनकी पूजा-अर्चना से जीवन के कष्ट दूर होते हैं। जयंती के उपलक्ष्य में जरूरतमंद लोगों को भोजन और जरुरत का समान भी वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



**तरावड़ी।** मन्दिर में केक काटकर भगवान शनिदेव की जयन्ती मनाते युवा भाजपा नेता रवि कबीरपंथी एवं क्षेत्रवासी।

## डीसी ने कथा आयोजन स्थल का लिया जायजा

- प्रबंधों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने घरौंडा अनाज मंडी में 17 से 23 मई तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के सफल आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बता दें कि प्रख्यात कथा वाचक और प्रसिद्ध वक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस कथा के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

इसी के दृष्टिगत उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल घरौंडा अनाज मंडी में अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, अग्निशमन गाड़ी, एंबुलेंस व बिजली की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इस मौके पर विधायक योगेंद्र राणा, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के भाई समर सिंह कल्याण, एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, डीएसपी मनोज कुमार, नायब तहसीलदार अरविंद यादव, घरौंडा नगरपालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, मंडी प्रधान जयभगवान गोयल, मार्किट कमेटी सचिव सरीन कुमार, नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश, कार्यक्रम के आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने दी शनि जयंती पर आहुतियां

**करनाल।** ज्येष्ठ अमावस्या एवं शनि जयंती के अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला के देव धाम में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और गौ संरक्षण की कामना की। सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को शनि जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में अरूण गोयल, पवन गोयल और दिनेश गुप्ता ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सामूहिक रूप से आहूतियां डाली गईं और गऊ सेवा एवं सुरक्षा का संकल्प लिया गया। गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि हवन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हवन-यज्ञ को देवताओं को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम माना गया है। उन्होंने कहा कि अमावस्या और पूर्णिमा जैसे

## प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को 30 जून तक की मिली छूट

- स्व-प्रमाणन' के बाद ही मिलेगी 100 प्रतिशत ब्याज छूट

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों के लिए लागू की गई 100 प्रतिशत ब्याज माफी योजना को लेकर करनाल नगर निगम पूरी तरह सक्रिय हो गया है। योजना के तहत शहर के हजारों संपत्ति मालिक अब वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक का बकाया प्रॉपर्टी टैक्स बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के 30 जून 2026 तक जमा करा सकेंगे। हालांकि वर्ष 2025-26 के टैक्स पर निर्धारित ब्याज देना होगा।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने इस जनहितैषी फैसले के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल का आभार व्यक्त किया। यह योजना नागरिकों को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ शहर के विकास कार्यों को भी गति प्रदान करेगी।

महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल हमेशा करनाल के विकास और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए समर्पित रहे हैं। टैक्स से प्राप्त राशि शहर की गलियों, सड़कों, पार्कों और अन्य सुविधाओं के रखरखाव पर खर्च की जाती है। नगर निगम के कर अधीक्षक गगनदीप सिंह और क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों को नगर निगम के 'प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पेमेंट पोर्टल' पर अपनी संपत्ति का विवरण स्व-प्रमाणित करना अनिवार्य होगा। बिना स्व-प्रमाणन के सिस्टम द्वारा ब्याज माफी का लाभ नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्ड स्तर पर नागरिकों की सहायता सुनिश्चित की जाएं।

## न्यूज डायरी

### महिला क्लर्क हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

**करनाल।** सेक्टर-9 में बिजली निगम की महिला क्लर्क डिंपल अरोड़ा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली रहे। शनिवार को डाक्टरों के बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के दौरान महिला के सिर में फंसी गोली को बाहर निकाला गया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हत्यारोपित तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच सीआइए वन, टू और थ्री की तीन टीमें कर रही हैं। हालांकि अभी तक आरोपित की पहचान नहीं हो पाई है। स्वजनों ने भी किसी पर हत्या का संदेह नहीं जताया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर बिजली निगम में कार्यरत डिंपल अरोड़ा लंच करने के लिए स्कूटी पर अपने घर पहुंची थी। जैसे ही वह घर के बाहर स्कूटी खड़ी करने लगी, तभी पीछे से बाइक पर आए एक युवक ने उसके सिर से सटाकर गोली मार दी। गोली लगते ही डिंपल मौके पर गिर गई और आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में सामने आया कि हमलावर करीब एक घंटे तक क्षेत्र में घूमकर रेकी करता रहा। दोपहर करीब 12:15 बजे वह घर के आसपास मंडराता दिखाई दिया, जबकि करीब 1:15 बजे उसने वारदात को अंजाम दिया। वारदात के समय आरोपी ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी।

### विधायक ने गोशालाओं को दिए 12 लाख के चेक

**असंध/करनाल।** विधायक योगेंद्र राणा ने जनसेवा और गौ-संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्षेत्र की दो गौशालाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। विधायक ने गांव पाढा स्थित पंचदेव कृष्णा गौशाला में गौ सेवा के लिए 1 लाख 56 हजार 860 रुपये तथा गांव बल्ला स्थित दानवीर राजा बली गौशाला के लिए 11 लाख 13 हजार 200 रुपये का चेक भेंट किया। विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि यह राशि गौवंशों के पालन-पोषण, देखभाल और गौशाला की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में उपयोग की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति, आस्था और समाज सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा गौवंशों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए उन्होंने कहा कि गौशालाओं का सुचारू संचालन और गौवंशों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। सरकार और समाज के सहयोग से गौशालाओं को मजबूत किया जा सकता है, जिससे बेसहारा गौवंशों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### स्वामी ज्ञानानंद महाराज का मनाया जन्मोत्सव



**तरावड़ी।** स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति तरावड़ी की ओर से सेवाभाव के कार्य करवाए गए। समिति के संरक्षक प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति तरावड़ी से जुड़े सभी सदस्यों ने शनि मंदिर में फल-फ्रूट बांटकर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम में सरंक्षक प्रवीण गर्ग, उद्योगपत्ति अनिल गुप्ता, समाजसेवी नरेश अरोड़ा, मार्किट कमेटी के वाईस चेयरमैन राजीव नारंग, मार्किट कमेटी सदस्य योगेश मिड्डा, रणजीत भारद्वाज, राजकुमार खुराना, मुकेश गर्ग एवं रणजीत भारद्वाज समेत कई गणमान्य लोग एंव समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे। समिति के संरक्षक प्रवीण गर्ग ने कहा कि स्वामी ज्ञानांनद महाराज के नेतृत्व में समिति की ओर से सेवाभाव के कार्य करवाए जा रह हैं। उन्होंने कहा कि समिति शहर में धार्मिक ओर सामाजिक आयोजनों के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों की भी मदद करेगी। स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से समिति द्वारा अच्छे कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने समिति की तरफ से ऐलान किया कि दाह संस्कार करवाने में भी परिवार असमर्थ है, उस परिवार की भी मदद श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की ओर से की जाएगी।

## श्रीराम राइस ग्रुप 18 मई से करवाएगा श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव

# श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा से होगा आगाज

- चित्र विचित्र जी कान्हा के भजनों से करेंगे भाव-विभोर, प्रतिदिन चलेगा अमृतमय भंडारा
- सिंगला परिवार ने शहरवासियों, प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से की हिस्सा लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव की जानकारी देते श्रीराम राइस ग्रुप परिवार से साधु राम सिंगला।

श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी की ओर से लीलावती धाम के भव्य उद्घाटन उपलक्ष्य में विशाल श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 18 मई से 24 मई तक किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह जानकारी श्रीराम राइस ग्रुप की ओर से सिंगला परिवार से महेश सिंगला ने दी। सिंगला ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 18 मई को भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें 101 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेंगी। श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी के मैनेजिंग डायरेक्टर लाला साधुराम सिंगला ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक लक्ष्मी धाम, रुक्मिणी विहार वृन्दावन में आयोजित होगा। कथा वाचन सुप्रसिद्ध परम पूज्य श्री विवेक जी महाराज द्वारा किया जाएगा। वहीं 22 मई शुक्रवार को शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें संत रसिक चित्र विचित्र जी महाराज श्रीधाम वृन्दावन अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में शहर के उद्योगपति, सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। श्रद्धालुओं के लिए कथा स्थल पर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि अधिक से अधिक लोग धर्म लाभ प्राप्त कर सकें। सात दिवसीय यह कथा महोत्सव श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना से जोडऩे का विशेष माध्यम बनेगा। साधुराम सिंगला ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार पहुंचकर कथा श्रवण एवं भजन संध्या का आनंद लेने की अपील की। उद्योगपति महेश सिंगला ने बताया कि कथा और भजन संध्या को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

### इंफ्लुएंसर ने सामाजिक दल से जुड़े व्यक्ति पर लगाए गंभीर आरोप

**करनाल।** लंदन में रह रही एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर युवती शनिवार को करनाल महिला थाना पहुंची और एक सामाजिक दल से जुड़े व्यक्ति सहित कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दी। युवती का आरोप है कि उसके खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर गलत प्रचार किया गया, अभद्र टिप्पणियां की गईं और चरित्र हनन का प्रयास किया गया। महिला थाना पुलिस ने शिकायत लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस को बताया कि दिसंबर महीने में सामाजिक दल से जुड़े एक व्यक्ति की इंटरनेट मीडिया आईडी सस्पेंड हो गई थी। उसने तकनीकी मदद देकर वह आईडी रिकवर करवाई थी। बाद में उसने इस पूरे घटनाक्रम का जिक्र एक इंटरव्यू में कर दिया।

## खबर संक्षेप

### कौशल प्रशिक्षण लें युवा

**पानीपत।** अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा तथा केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), मुरथल के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने पात्र युवाओं से इस योजना का लाभ लेने का आह्वान किया है।

### मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी

**पानीपत।** पीएम श्री स्कूल छाजपुर का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय ने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था का परिचय दिया। विद्यालय की छात्रा स्वाति ने 93 प्रतिशत, यशिका ने 91 प्रतिशत, किरण ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने का काम किया है। प्रिंसिपल ज्योति खटक ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी व शिक्षकों की मेहनत की सराहना की।

### शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** संत रामदेव रोहिला क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अनुपस्थित में उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा को रोहिला धर्मशाला के पुनर्निर्माण के लिए अपना मांगपत्र सौंपा। वहीं भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने उनको आश्वासन दिया कि संस्था को अधिक से अधिक जल्द से जल्द ग्रांट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### पीएमश्री का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

**पानीपत।** पीएम श्री जलालपुर फस्ट के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 10वीं कक्षा में कुल 82 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों की मेरिट और 47 विद्यार्थियों ने फस्ट डिवीजन से पास की। दसवीं कक्षा में भी लड़कियां ही छाई रही। प्रथम स्थान पर सुशांत ने 468 और दूसरे स्थान पर सानिया ने 436 और तीसरे स्थान पर अंजलि ने 433 अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्य विनोद रावल ने सभी बच्चों को मेडल और फूल माला से सम्मानित किया तथा सभी अध्यापकों को अच्छा परिणाम आने पर बधाई दी।

### रवि स्कूल में विद्यार्थी पुरस्कृत

**पानीपत।** पानीपत की वधावा राम कालोनी स्थित रवि हाई स्कूल में दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में छाया व मुस्कान 487, अंशु 486, कशिश ने 479 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक जवाहर लाल शर्मा व प्राचार्य रविकांत शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को पुस्कृत किया।

### इनेलो का प्रदर्शन 18 को

**पानीपत।** इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया में धांधली, योग्य होते हुए भी अयोग्य घोषित किए जाने और ग्रुप बी की नौकरियों में 90 प्रतिशत हरियाणा प्रदेश से बाहर के भाजपा शासित प्रदेशों के लोगों की भर्ती किए जाने और हरियाणा के योग्य युवाओं की घोर अनदेखी किए जाने पर पार्टी 18 मई को पंचकूला स्थित हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय के सामने प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन करेगी।

### जनसेवा में रूचि लें अधिकारी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने अधिकारियों से जिले में बची हुई पेंडेंसी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि वे कार्य में रुचि लें।

### सोमनाथ पर प्रदर्शनी

**पानीपत।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर लगाई गई सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रोजाना एक दर्जन से ज्यादा नागरिक , विभिन्न स्कूलों के बच्चे उत्साह पूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन रहे हैं।

## प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता व कार्य कुशलता होती है विकसित

# सरकार व जनता के बीच सेतु है भाजपा कार्यकर्ताः मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत पहले दिन शनिवार को गोहाना और सोनीपत जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सेवा साधना केंद्र, गांव पट्टी कल्याण जिला पानीपत में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस मौके पर गोहाना जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मलिक व सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज भी मौजूद रहे। वहीं, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। वहीं, अजय महावर, घनश्याम दास, नरेंद्र भारतीय, विकास, मनीष यादव, लोकेश नांगरू, वेदपाल एडवोकेट, शैलेंद्र पांडे ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता व कार्य कुशलता विकसित होती है

### हरियाणा तेजी से तरक्की कर रहा

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से तरक्की कर रहा है। वहीं, भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु का काम कर रहे हैं। यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को साकार करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना, संगठन की कार्यशैली से अवगत कराना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वह प्रक्रिया है जो किसी भी कार्यकर्ताओं के अंदर वैचारिक स्पष्टता और कार्यकुशलता विकसित करती है।

# जाट सेवा संघ के आह्वान पर बुलाई थी सर्व खाप पंचायत

- कई घंटों तक चली बैठक बेनतीजा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना



पानीपत। गांव मांडी में ऑल हरियाणा सर्व खाप पंचायत में उपस्थित पंच परमेश्वर।

पानीपत के गांव माड़ी में जाट सेवा संघ के आह्वान पर ऑल हरियाणा सर्व खाप पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन भीम सिंह ने की। वहीं, कई घंटों तक चली बैठक बेनतीजा रही। उल्लेखनीय यह है कि ऑल हरियाणा सर्व खाप पंचायत जाट सेवा संघ रजिस्टर संस्था है और रोहतक के गांव जसिया में सर छोटूराम सेवा धाम के निर्माण अन्य कामों के बीच काफी से विवाद चला आ रहा है। जाट आरक्षण के दौरान अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक और अन्य सदस्यों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। दोनों पक्षों में सर छोटूराम सेवा धाम जसिया रोहतक को लेकर विवाद चला रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को गांव माड़ी मे सर्व खाप पंचायत बुलाई गई जिसमें दोनों पक्षों में सहमति हो पर बनी नहीं जो सर्व खाप पंचायत पुरी तरह से बेनतीजा रही।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर देशवाल खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय देशवाल, दहिया खाप के जयपाल दहिया, ऋषिपाल आठ गाम पंचायत बालद, मूलचंद राष्ट्रीय अध्यक्ष सहरावत खाप, सूरजभान प्रधान घसो खाप, ओमप्रकाश कटेला खाप, समुन्द्र फोर प्रवक्ता माजरा खाप, बलवान सिंह मान,मान खाप, राजकुमार राठी बाहरा प्रधान, बलजीत पानू पानू खाप बिचपडी, रणबीर सिंह गाहलयाण खाप, बलबीर सिंह चहल खाप, रामफल चहल, बलवान सूडा, सूडा खाप, सतीश माजरा, बेरवाल खाप, पचगामा प्रधान रामनिवास, प्रवीण बालू खाप, उमेद सिंह जागलान नौ गामा खाप जींद, प्रो राजेन्द्र सांगवान आदि उपस्थित रहे।

## श्री शनि जयंती धूमधाम से मनाई



**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अचंल में भगवान श्री शनि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शनि की पूजा की और समर्थ के अनुसार जरूरतमंदों में दानपुण्य किया। वहीं, हरिसिंह कालोनी स्थित श्री शनि मंदिर में भगवान शनि जयंती पर यज्ञ पंडित रमेश शर्मा द्वारा विधिवत रूप मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। जिसमें मुख्य यज्ञमान, बिजेन्द्र पांचाल सपत्नीक व अमर दास भी सपत्नीक शामिल हुए । जिन्होंने यज्ञ में आहूति के साथ-साथ सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ शनि देव जी की पूजा अर्चना भी की तथा देश में खुशहाली व सुख शांति की अपील की। इस अवसर पर मजनू दास, धर्मेंद्र सिंह, विनोद चौरसिया, संत लाल, विजय शर्मा, हिमांशु पांचाल, टिंकू, अमन ठाकुर, अक्षय कुमार, अमन रोहिला, रूप राणा, डा.चिराग, रेखा सैनी, संगीता, नीलम, सुमन, रेखा पांचाल, ऊषा, पिंकी, सुरेशो देवी व सरबती आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में अलकंरण समारोह में शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन में अलकंरण समारोह का आयोजन हुआ। वहीं, समारोह का शुभारंभ वैदिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्या सुमिता व शिक्षकों की उपस्थिति में स्कूल का हेड बॉय जयंत और हेड गर्ल अशिंका व विभिन्न सदनों के कप्तानों, उपकप्तानों तथा विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बैज, पट्टी प्रदान कर उन्हें पद की शपथ दिलवाई गई। वहीं, विद्यार्थियों ने पूर्ण निष्ठा, अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने का सकंल्प लिया। वहीं, प्राचार्या सुमिता ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, सेवा, अनुशासन, टीम भावना के महत्व से अवगत करतो हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद स्कूल की रीढ़ है।

## पुलिस ने नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने शनिवार को गढ कारकौली व राक्सेडा गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। टीम द्वारा बताया गया कि नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। इस दौरान विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे। इसके साथ ही टीम ने गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

## योग करने से शरीर रहता है निरोगीः रिचा

**पानीपत।** करो योग रहो निरोग के नारे के साथ अंसल की ब्लॉक डी वन में साइकिल योग कक्षा का शुभारंभ जिला प्रभारी पतंजलि की शिक्षिका रिचा खुराना ने करते हुए कहा कि हम योग करते हैं तो हमारा मानसिक संतुलन सही रहता है तथा हमारा शरीर हर प्रकार से स्वस्थ रहता है। पतंजलि महिला तहसील प्रभारी वीरा गोयल ने कहा कि हमें मौसम के अनुसार खान-पान करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि इलाज से परहेज बेहतर और उस पर योग हो जाए तो बीमारी हमारे से कोसों दूर रहेगी। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने योग किया और प्रतिज्ञा की कि हम हर रोज योग करेंगे हर रोज कक्षा में आएंगे। इस अवसर पर सिम्मी, रेनू, खुशी, दीपिका, सुनीता, डोली, आंचल, सुषमा, भारती, ममता, सोनिया, इंदु, मुस्कान, अमनदीप, कमलजीत, सिमरन, मीना, नीलम व वंदना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। अंसल की योग कक्षा में योग करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



इसराना। पानीपत के गांव डाहर में कनिष्का का स्वागत करते हुए खेल प्रेमी।

## एशियन चैंपनियनशिप में कनिष्का ने कांस्य पदक जीत, लोगों ने स्वागत किया

**इसराना।** उजबेकिस्तान में आयोजित सब जूनियर महिला मुक्केबाजी एशियन चैंपियनशिप में गांव डाहर की बेटी कनिष्का कांस्य पदक जीता कर देश, हरियाणा, पानीपत व गांव डाहर का नाम रोशन किया है। वहीं, गांव पहुंचने पर खेल प्रेमियों ने कनिष्का का फूल व रूपयों की मालाएं भेंट कर स्वागत किया और विजयी जुलूस निकाला। उल्लेखनीय है कि गांव डाहर की कनिष्का गांव डाहर के दी एक्सल इंटरनेशनल स्कूल डाहर टोल पर स्थित स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा है। इस अवसर पर प्रवीण कुमार, कृष्ण पाल त्यागी, एकता त्यागी, कबड्डी कोच जोगिंदर सिंह, सरपंच मोनू, रामफल, मिंटू परढाना, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार ओमपति, बिमला, नीलम, कांता समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत की गीता कॉलोनी में चंचल मेकओवर में सर्टिफिकेट वितरण समारोह में रविवार को सभी अपने स्टूडेंट को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए सबसे पहले चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। आने वाले समय में आप लोगों को भी ब्यूटी पार्लर के काम करने की शुरुआत करनी है। अगर कोई आपके पास नाबालिक लड़की को ब्राइडल मेकअप के लिए लेकर आता है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। आपको बता दें चंचल मेकओवर पर गरीब लड़कियों का ब्राइडल मेकअप बिल्कुल फ्री किया जाता है। चंचल कालड़ा ने बताया उनके संस्थान में निर्धन परिवारों की बेटियों को मेकअप का कोर्स करवा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग दिया जाता है।

# केंद्र सरकार की नीतियों से जनता त्रस्तः मलिक

- महंगाई की मार से आम आदमी का जीवन-यापन अत्यंत कठिन हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक

कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की कीमतों में की गई वृद्धि की आलोचना करते हुए कहा कि तेल व गैस की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। वहीं, यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब देश का नागरिक पहले से ही भयंकर महंगाई, बेरोजगारी और घटती आय की मार झेल रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से आम आदमी का जीवन-यापन अत्यंत कठिन हो गया है। किसान, मजदूर, व्यापारी, नौकरी पेशा कर्मचारी, मध्यमवर्गीय परिवार इस महंगाई से पीडित है। उन्होंने केंद्र सरकार से पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने, महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण करने की मांग करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द ही इन जनविरोधी फैसलों को वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतर कर आंदोलन को बाध्य होंगे।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने दो भगोड़े पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस पीओ, बेल जंपर व उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुए है। वहीं, थाना शहर पुलिस ने न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किए गए दो आरोपी तहसील कैंप जवाहर नगर निवासी सोनू और राहुल को गिरफ्तार किया। है थानेदार शहर देवेंद्र ने बताया कि दोनों आरोपी मारपीट के केस में निर्धारित तारिखों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इस पर कोर्ट ने दोनों को भगौडा घोषित किया था। इन पर थाना शहर में बीएनएस की धारा 209 के तहत अभियोग दर्ज है। वहीं, सोनू व राहुल को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### रिक्शा चालकों से कर रहे अवैध वसूली

**पानीपत।** पानीपत रोडवेज बस स्टैंड, गांव सिवाह से यात्रियों का आवागमन करने वाले ऑटो रिक्शा चालकों से चार लोग बीस रुपये प्रति चक्कर के हिसाब से अवैध वसूली कर रहे है। वहीं, ऑटो रिक्शा चालकों से वसूली का यह काला खेल पिछले एक साल से चल रहा है। इधर, हुडा सेक्टर -29 थाना पुलिस को दी शिकायत में सुखबीर निवासी गांव दीवाना जिला पानीपत ने आरोप लगाया कि राजकुमार निवासी गांव सिवाह नामक व्यक्ति स्वयं को रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्र ऑटो रिक्शा चालक यूनियन का प्रधान बताता है और अपने तीन साथियों विनोद, प्रवीन और ऋतिक निवासी विकास नगर के साथ मिल कर ऑटो रिक्शा चालकों से प्रति चक्कर बीस रूपये की अवैध वसूली कर रहा है। ऑटो रिक्शा चालक अयूब ने आरोप लगाया कि रूपये नहीं देने पर चारों आरोपी ऑटो रिक्शा चालकों से मारपीट करते है और एससीएसटी एक्ट के तहत पुलिस में झूठा केस दर्ज करवाने का डर दिखे है। इधर, सुखबीर की शिकायत पर पुलिस ने राजकुमार, विनोद, प्रवीण व ऋतिक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### थल सेना की गाड़ी बीच सड़क पर पलटी, दो घायल

**समालखा।** जीटी रोड पर गांव मनाना के पास थल सेना की गाड़ी ट्रक को ओवरटेक करते हुए हवा में उछलते हुए बीच सड़क पर पलट गई। इस भीषण हादसे में गाड़ी में सवार सेना के मेजर यतिन और वाहन चालक (राइफलमैन) जतिन घायल हो गए। जबकि मेजर यतिन का गनमैन अक्षय को मामूली खरोंचें आई हैं। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं, मेजर यतिन व जतिन को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि सैन्य वाहन दिल्ली से अंबाला छावनी जा रहा था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो बदमाशों ने महिला से सोने की चेन झपटी

**समालखा।** समालखा के रेलवे रोड पर खानदानी अस्पताल के पास रविवार की सुबह गांधी कॉलोनी निवासी शालू पत्नी अभिनव से दो बदमाशों ने सोने से बनी चेन झपट ली। शालू अपने तीन साल के पुत्र के साथ स्कूटी पर सवार होकर रेलवे स्टेशन से अपने घर लौट रही थी। शालू ने बताया कि बाइक चालक हैलमेट पहने हुआ था और पीछे बैठे बदशाम ने अपना मुंह कपडे से बांध रखा था। वहीं, छीनी गई चेन की कीमत करीब चार लाख रूपये है। इधर, थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत की देसराज कॉलोनी में डीआरएम स्कूल के पास स्थित इंद्रजीत उर्फ सोहना के कार्यालय के बाहर फायरिंग करने और पर्ची फैंक कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पानीपत पुलिस ने दूसरे मुख्य आरोपी सुनील उर्फ डलिया को राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की नोहर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया।

### कराटे खिलाड़ी के साथ गैंग रेप की जांच शुरू

**पानीपत।** पानीपत में 17 वर्षीय नाबालिग महिला खिलाड़ी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने और उसे ब्लैकमेल करने के केस की पानीपत पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस मामले में कुरुक्षेत्र महिला थाने में जीरो एफआईआर दर्ज थी। वहीं, नाबालिग पीड़िता की महिला स्पोर्ट्स कोच द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया कि आठ मई को मुख्य आरोपी परमजीत विर्क ने किसी अज्ञात नंबर से फोन कर पीड़िता को पानीपत की एक कॉलोनी स्थित अपने घर बुलाया। जब पीड़िता वहां पहुंची, तो परमजीत ने उसे कोल्डड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद उसने बेहोशी की हालत में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को 11 मई तक अपने घर में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ बार-बार गलत काम किया। आरोप है कि रजनीश चौधरी व कमल सैनी ने भी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान वहां नरवेश नामक महिला भी मौजूद थी।

### मनोहर लाल छात्राओं को साइकिल वितरित करेंगे

**पानीपत।** केंद्रीय शहरी विकास व उर्जा मंत्री मनोहर लाल रविवार की सुबह आर्य कॉलेज के सभागार में और दोपहर डेढ बजे वैश्य गर्ल्स कॉलेज समालखा में आयोजित समारोह में स्कूली छात्राओं को स्कूल जाने हेतु साइकिल वितरित करेंगे। यह जानकारी मंत्री मनोहर के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने दी।

### आरोपी को भगौड़ा घोषित किया

**पानीपत।** जेएमआईसी अनुराधा-वन की कोर्ट ने संदीप बनाम दीपक कुमार के केस में आरोपी दीपक कुमार मंगला निवासी गांव सिवाह जिला पानीपत को, वहीं, श्री राम ट्रेडिंग कंपनी बनाम ब्लू जे के केस में आरोपी भगत सिंह कादियान निवासी गांव सिवाह को, डॉ. तरुण कुमार वर्मा की कोर्ट ने नोएडा निवासी विनय कुमार को, जबकि लेबोरेट फार्मास्युटिकल बनाम साहिल मेडिकल के केस में जमानत पर चले रहे आरोपी उमेश कुमार वार्ष्णेय को भगौड़ा घोषित किया है।

## निरीक्षण के दौरान जेल की विभिन्न वार्डों का दौरा किया

# जिला जज ने जेल पानीपत का औचक निरीक्षण किया

*मेडिकल स्टॉक और मेडिकल रिकॉर्ड रजिस्टर की गहन जांच की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत





पानीपत। जेल का निरीक्षण करते जिला जज वाणी गोपाल शर्मा व सीजेएम वर्षा शर्मा।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) पानीपत सुश्री वाणी गोपाल शर्मा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, डीएलएसए पानीपत सुश्री वर्षा शर्मा ने जिला जेल पानीपत का औचक निरीक्षण किया। वहीं, निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल की विभिन्न वार्डों का दौरा किया, जिनमें मेडिकल वार्ड, जनरल वार्ड और महिला वार्ड शामिल रहे। इस दौरान बैरकों की स्थिति, स्वच्छता व्यवस्था तथा जेल परिसर के रखरखाव का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही मेडिकल स्टॉक और मेडिकल रिकॉर्ड रजिस्टर की भी गहन जांच की गई, ताकि कैदियों के लिए दवाइयों की उपलब्धता और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड का सही रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके। जेल की रसोई का भी निरीक्षण किया गया, जहां कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और रसोई क्षेत्र में बनाए रखी जा रही साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### अधिकारियों ने कैदियों से संवाद किया

अधिकारियों ने जेल प्रशासन को स्वच्छता बनाए रखने तथा कैदियों के स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कैदियों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कैदियों की शिकायतों के त्वरित समाधान तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। वहीं, सुश्री शर्मा और सीजेएम-सह-सचिव डीएलएसए सुश्री वर्षा शर्मा ने उपमंडल समालखा का दौरा कर न्यायालयों के कार्य संचालन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कोर्ट परिसर की साफ-सफाई, आधारभूत संरचना, न्यायिक कार्यप्रणाली और आम जनता को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अदालतों के सुचारू संचालन तथा वादकारियों और आमजन को बेहतर सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। इस मौके पर जेल अधीक्षक संजीव कुमार के अलावा स्टाफ के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


NEW HAPPY SCHOOL
YAMUNA NAGAR
EXCELSIOR
NEW HAPPY SR. SEC. SCHOOL
(Permanent Recognized from H.B.S.E.)
Luxmi Garden, Yamuna Nagar
STAR PERFORMERS OF CLASS XII
Kamakshi 2nd Position in State
KAMAKSHI
COMMERCE 98.6%
ANKITA
93.4% (Arts)
IQRA HASEEB
90.8% (Non-Medical)
SUNAINA 94%
VERKHA 91.2%
NIHARIKA 90.6%
REDHIMA 89.4%
MEHAK 88.4%
RASHI 88.4%
SANCHI 87.6%
PRACHI 86%
NANDINI 85.8%
GAGANDEEP 85.6%
SIMRAN 85%
ROHIT 85%
MOHIT 84.4%
CHHAVI 84.2%
SHAMA 83.8%
NANDNI 83%
NANCY 82.8%
RANJOT 82.6%
VAISHNAVI 82.4%
GURLEEN KAUR 81.8%
SAPNA 81.2%
RADHIKA 80.8%
PURNIMA 79.8%
ALEKH 79.6%
RITIKA 79.6%
VIVEK ROY 79.4%
DAKSH 79%
HARSHIT 78.8%
ADITI 78.4%
ANANYA 78.2%
AMANPREET 78.2%
YATAN 78.2%
YOGESH 78%
KUMKUM 77.8%
BHARTI 77.6%
KRITIKA 77.4%
SHIVAM 77.2%
TAZEEM 77%
SHIVANI 76.6%
NISHA 76.2%
YASH 76%
JASMEET 75.6%
HARPREET 75.2%
Subject-wise Highest Marks :
Comp. Sci. 100 | Phy. Edu. 98
B. Stud. 100 | Eco. 96
English 99 | Pol. Sci. 96
Accou. 98 | Chem. 94
STAR PERFORMERS OF CLASS X
Shruti 3rd in District
SHRUTI 98%
ANSHIKA 94.4%
PARI 93.6%
SUHANA 92%
YAM KUMARI 91.6%
TAMANNA 91.4%
MANAN 91.4%
ANSHU 91.2%
ABHIJEET 89.4%
VISHU 88%
DAMINI 87.4%
KHUSHI 87%
KOMAL 84.2%
VIJENDER 82%
PRINCE 81.2%
NITIN 79.6%
SHRUTI 79.4%
CHIRAG 77.4%
HARLIN KAUR 77%
ZIKRA 76.4%
ARYAN 75.2%
NAVEEN 75%
Subject-wise Highest Marks :
Social Study 100 | English 98
Science 99 | Hindi 98
Physical Education 99 | Maths 97
G.S. Sharma Chairman
Ms. Kamlesh Sikka Principal


HOLY MOTHER PUBLIC SCHOOL (10+2)
AFFILIATED TO C.B.S.E., DELHI
Kansapur, Ratouli Road, Yamunanagar
HOLY MOTHER SCHOOL
YAMUNA NAGAR
EXCELSIOR
CONGRATULATIONS
Teachers, Parents & Students for Excellent Result
OUR ACHIEVERS
TOPPERS OF CLASS X
AKSHRA (X) 94%
AJIT KUMAR (X) 94%
TEJAL RAWAT (X) 93.4%
Nikhil 92.4%
Karyansh 89.4%
Mehakpreet Kaur 89%
Anant 87.6%
Paras Garg 87.2%
Sagar Kumar 86.6%
Akshit 85.8%
Ankit Kumar 84.8%
Diksha 84.2%
Vani 84.2%
Mokshit Kumar 83.6%
Mannat Dahiya 83.4%
Avni Sharma 81.2%
Mohd. Ziyad 81.2%
Harshika 80.8%
Shrishti Chauhan 80.4%
Parmeet Kaur 80%
Paramveer Kaur 79.6%
Aadarsh Sharma 79.4%
Rudra 79%
TOPPERS OF CLASS XII
Simran (Commerce) 94%
Radhika (Science) 93%
Navjot Singh (Arts) 90%
Lovedeep 84.4%
Preeti 84%
Dikshika Bansal 83.8%
Sparsh 81.6%
Priya Kashyap 81%
Apaar Sharma 80%
Sakshi 79.2%
Anjali Kumari 78.6%
Aashiya 78%
Gurashish Singh 77.4%
Yukti 76.4%
Niharika 76.4%
Aditya 76.4%
Vanshika 76%
Vishal Kumar 75.8%
Nikhil 75.6%
Lavisha 74.6%
Priya 74%
Rajni 73.4%
Riya Chauhan 72.6%
Deepanshu 72.4%
Vanshika 72%
Class X
IT : 100
English : 99
Social Studies : 97
Science: 97
Hindi: 95
Maths: 92
Class XII
Music: 98
English: 97
Economics: 94
Phy. Edu.: 94
Business: 93
Biology: 93
History : 92
Physics: 91
Chemistry: 91
Pol. Science : 91
Accounts: 90
G.S. Sharma Chairman
Dr. Monika Sharma Principal

हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रोहतक, रविवार 17 मई 2026




# अब जन्मेंगे मनचाहे डिजाइनर बेबी!

अब तक तो यही माना जाता रहा है कि जन्म लेने वाले बच्चे का रूप, रंग, गुण या उसकी कोई बीमारी प्रकृति ही निर्धारित करती है। लेकिन जेनेटिक इंजीनियरिंग की नई तकनीक से आने वाले समय में मनचाहे यानी कस्टमाइज्ड बेबी जन्म ले सकेंगे। क्या है यह तकनीक, क्या हो सकते हैं इसके फायदे या नुकसान, यहां बता रहे हैं विस्तार से।



कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

नमस्कार डॉक्टर साहब! हम एक ऐसा बेबी चाहते हैं, जो हमारी जेनेटिक बीमारियों से दूर रहे। उसका आई क्यू लेवल शानदार हो, चश्मा न लगे उसको, टॉल फिगर हो, कॉम्प्लेक्शन फेयर हो।'

क्या आपने कल्पना की है कि आने वाले दौर में पैरेंट्स किसी फर्टिलिटी क्लीनिक पर जाकर डॉक्टर से कुछ ऐसा कहेंगे? यह मजाक की बात या कोरी कल्पना नहीं है। विज्ञान इतनी तरक्की कर रहा है कि निकट भविष्य में यह संभव होगा। इस तकनीक से पैदा होने वाले बच्चों को 'डिजाइनर बेबी' कहा जाएगा।

### क्या है यह तकनीक

डिजाइनर बेबी ऐसा बच्चा होता है, जिसके जेनेटिक स्ट्रक्चर (आनुवंशिक संरचना) को पैदा होने से पहले ही बदल दिया जाता है। यह मुख्य रूप से 'क्रिसपर-केस नाइन' जैसी जीन एडिटिंग तकनीक के जरिए किया जाता है। इसके तहत भ्रूण से खराब जीन कतरकर होने वाले माता-पिता के पसंदीदा गुणों वाले जीन को जोड़ा जा सकता है। वांछनीय गुणों वाले बच्चे पैदा करने यानी बनाने के लिए, होने वाले माता-पिता आईवीएफ क्लीनिक में भ्रूणों का चयन बीमारी के जोखिम के आधार पर कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को प्री-इंप्लांटेशन जेनेटिक डायग्नोसिस कहा जाता है। मुख्य रूप से वंशानुगत बीमारियों को रोकने के लिए इसका अभ्यास किया जाता है। इसमें आईवीएफ से बनाए गए भ्रूणों की स्क्रीनिंग की जाती है और माता-पिता उस भ्रूण का चयन करते हैं, जिसे वे एक ऐसे बच्चे के लिए प्रत्यारोपित कर सकते हैं, जिसमें आनुवंशिक विकार के सबसे कम जोखिम होने की भविष्यवाणी की जाती है। इसमें एक एंब्रियो-सेलेक्शन/स्क्रीनिंग कंपनी और आईवीएफ प्रोवाइडर 8-14 दिनों तक रोजाना हार्मोन इंजेक्शन देकर कम से कम 15 अंडे निकालते हैं, जिन्हें पसंद के स्पर्म से फर्टिलाइज किया जाता है। 4-5 दिनों के बाद, एक ब्लास्टोसिस्ट बनता है। यह कोशिकाओं की एक खोखली गेंद जैसी होती है, जिसमें एक अंदरूनी द्रव्य और बाहरी परत होती है। बाहरी परत प्लेसेंटा में विकसित होती है। अंदरूनी द्रव्य भ्रूण बनता है। हर भ्रूण से निकाले गए अंशों की जेनेटिक बीमारी/क्रोमोसोमल असामान्यताओं के लिए स्क्रीनिंग की जाती है और मापे गए हर पैरामीटर के लिए पॉलीजेनिक (कई-जीन) स्कोर दिए जाते हैं। माता-पिता चुनते हैं कि कौन-सा भ्रूण इंप्लांट करना है। दुनिया के सबसे पहले डिजाइनर बेबी होने का दावा वर्ष 2018 में चीन के वैज्ञानिक हे जियानकुई ने किया था, जिन्होंने जुड़वां बच्चियों (लुलु और नाना) के जीन एडिट किए थे।




**यूजेनिक्स क्या है**

यूजेनिक्स एक ऐसा विचार और पद्धति है, जिसका उद्देश्य मानव आबादी की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार करना है, जिसमें स्वस्थ और वांछनीय गुणों वाले लोगों के प्रजनन को बढ़ावा दिया जाता है और कम वांछनीय या अवांछनीय गुणों वाले लोगों के प्रजनन को रोका जाता है, जो अकसर जबरन नसबंदी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं से जुड़ा रहा है, खासकर नाजी जर्मनी और अमेरिका में। इसे विज्ञान के रूप में खारिज कर दिया गया है।

**ब्लास्टोसिस्ट क्या है**

ब्लास्टोसिस्ट भ्रूण के विकास का एक प्रारंभिक चरण है, जो फर्टिलाइजेशन के लगभग 5-6 दिनों बाद बनता है, जिसमें लगभग 200-300 कोशिकाएं होती हैं और इसमें दो मुख्य भाग होते हैं, आंतरिक कोशिका द्रव्यमान (जो शिशु बनेगा) और ट्रोफोब्लास्ट (जो प्लेसेंटा बनेगा)। यह वह अवस्था होती है, जब भ्रूण गर्भाशय की परत में प्रत्यारोपित होता है, खासकर आईवीएफ प्रक्रियाओं में।



### जीन एडिटिंग के प्रभाव

जीन एडिटिंग के द्वारा डिजाइनर बेबी बनाने के कई प्लस और माइनस परिणाम हो सकते हैं।

**बीमारियों से मुक्ति:** इस तकनीक का असली उद्देश्य बच्चों को कैंसर, अल्जाइमर और एचआईवी जैसी वंशानुगत बीमारियों से बचाना है।


**बनेंगे सुपर ह्यूमन:** जैसे-जैसे तकनीक ज्यादा विकसित होगी भविष्य में वैज्ञानिक ऐसी कोशिश कर सकते हैं, जिससे बच्चे की मांसपेशियों की ताकत और याददाश्त को बढ़ाया जा सकेगा और वे 'सुपर ह्यूमन' बन सकें। कुछ देशों में आईवीएफ क्लीनिक पहले से ही माता-पिता को बच्चे की आंखों का रंग चुनने का विकल्प देने की दिशा में शोध कर रहे हैं। वर्तमान में यह प्रक्रिया इतनी महंगी है कि इसे केवल दुनिया के अमीर लोग ही अपना सकते हैं।

### चुनौतियां भी कम नहीं

जीन एडिटिंग के जरिए मनचाहे डिजाइनर बेबी बनाने की तकनीक विकसित होने के कुछ नेगेटिव परिणाम भी भविष्य में देखने को मिल सकते हैं। यदि केवल अमीर लोग ही 'जीनियस' बच्चे पैदा कर पाएंगे, तो समाज में एक नया भेदभाव उत्पन्न हो सकता है। साथ ही जीन एडिटिंग के दीर्घकालिक प्रभाव क्या होंगे, यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। एक छोटी-सी गलती बच्चे के स्वास्थ्य पर बहुत भारी पड़ सकती है। उसके जीवन की पूरी दिशा बदल सकती है।

जीन एडिटिंग के जरिए मनचाहे बच्चे पाने के संबंध में एक सवाल यह भी है कि भ्रूणों की एक श्रृंखला में से चुनाव या जीन-एडिटेड भ्रूण के बावजूद, क्या माता-पिता को भ्रूण के गैर-चिकित्सा लक्षणों को चुनने की अनुमति दी जानी चाहिए? क्या जीन को चुनकर/बदलकर विशेषताओं को 'डिजाइन' किया जा सकता है? क्या आप अंततः अपने बच्चे के जेनेटिक कोड को अपनी मर्जी से बना सकते हैं? समाज शास्त्री कहते हैं डिजाइनर बेबी तकनीक मानव जाति के लिए एक वरदान साबित हो सकती है यदि इसका उपयोग केवल जानलेवा बीमारियों को खत्म करने के लिए किया जाए। लेकिन यदि इसे खूबसूरती और ताकत का पैमाना बनाया गया, तो यह मानवता के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर सकता है। समाज में एक नए तरह का भेदभाव और विघटन पैदा कर सकता है। कई समाजशास्त्री चिंतकों का मानना है कि जीवन के साथ इस तरह का बदलाव करना प्रकृति के नियमों का उल्लंघन होगा। कुछ वैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि आधुनिक जेनेटिक स्क्रीनिंग और काउंसलिंग का इस्तेमाल माता-पिता पर दबाव बनाने के लिए किया जा सकता है। अगर समाज कुछ खास लक्षणों को बढ़ावा देता है, तो प्रजनन का चुनाव सामाजिक दबाव बन जाता है। व्यवहार, बुद्धिमत्ता या व्यक्तित्व जैसी चीजों के लिए भ्रूण की स्क्रीनिंग करना, पूर्व में सामने आए यूजेनिक्स पद्धति जैसा होगा, जिसमें यह कंट्रोल करने की कोशिश की गई थी कि किसे पैदा होने की इजाजत है।

कहने का सार है कि आने वाले समय में जीन एडिटिंग से डिजाइनर बेबी के जन्म लेने का चलन बढ़ सकता है। लेकिन इसके परिणाम कितने सकारात्मक या नकारात्मक होंगे, यह तो भविष्य में ही पता चलेगा। *



जिस तेजी से तकनीक का दखल बढ़ता जा रहा है, हमारी जीवनशैली आने वाले समय में पूरी तरह बदल जाएगी। आने वाले दिनों में यंगस्टर्स को हाई इनकम वाली कई ऐसी जॉब्स मिलेंगी, जो पूरी तरह हाईटेक होंगी। इनमें से कुछ फ्यूचरिस्टिक जॉब्स पर एक नजर।

# यंगस्टर्स को लुभाएंगी फ्यूचरिस्टिक जॉब्स

अपकमिंग ट्रेंड / अंजू जैन

आज के दौर में यंगस्टर्स के लिए करियर की परिभाषा पूरी तरह बदल चुकी है। अब डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी नौकरी ही एकमात्र 'सफल' विकल्प नहीं रह गए हैं। अगर आपमें हुनर है और आप लीक से हटकर सोचने और करने का जज्बा रखते हैं, तो आज का डिजिटल युग आपको शानदार इनकम के मौके दे सकता है। अच्छी बात यह है कि 'फ्यूचरिस्टिक' जॉब्स के लिए आपको किसी बड़े कॉलेज की भारी-भरकम फीस भरकर डिग्री पाने की जरूरत नहीं है। आपमें नई टेक्नोलॉजी सीखने की लगन होनी चाहिए। ऐसे ही कुछ फ्यूचरिस्टिक जॉब्स के बारे में आप भी जानिए, ताकि आने वाले दौर के लिए आप खुद को टेकरेडी बना सकें।



**डेटा डिटेक्टिव:** करियर की दुनिया में कहा जाता है कि 'डेटा नया हीरा है।' डेटा साइंटिस्ट का काम बिखरे हुए आंकड़ों से अपने लिए काम की जानकारी निकालना है। यह जॉब उन युवाओं के लिए शानदार है, जिनकी गणित और लॉजिक पर पकड़ मजबूत है। इसमें शुरुआती सैलरी ही कई पारंपरिक नौकरियों के टॉप लेवल के बराबर होती है। गूगल खुद कोर्सेरा जैसे प्लेटफॉर्म पर डेटा एनालिटिक्स और साइबर सिक्योरिटी के सर्टिफिकेशन कोर्स कराता है। साथ ही साइबेरी, साइबर सिक्योरिटी संबंधी नई तकनीकें सीखने के लिए यह दुनिया का सबसे बड़ा फ्री कम्युनिटी प्लेटफॉर्म है।

**गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स:** वीडियो गेम अब सिर्फ टाइम पास नहीं रहा। प्रोफेशनल गेमर्स, गेम स्ट्रीमर्स और गेम डेवलपर्स आज लाखों-करोड़ों में खेल रहे हैं। इंटरनेशनल ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट्स में प्राइज मनी अब किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप से कम नहीं होती। अगर आप इसमें अपनी जगह बनाना चाहते हैं, तो कुछ बातों पर ध्यान दें। अपना खास फील्ड चुनें। ई-स्पोर्ट्स का मतलब सिर्फ गेम खेलना नहीं है। आप इनमें से अपनी रुचि के अनुसार कई क्षेत्र चुन सकते हैं, जैसे प्रोफेशनल प्लेयर यानी टूर्नामेंट में हिस्सा लेना, कंटेंट क्रिएटर या स्ट्रीमर यानी यूट्यूब या ट्विच पर गेमप्ले दिखाना, गेम एनालिस्ट/कोच यानी गेम की रणनीति समझना, मैनेजमेंट यानी टीम मैनेजर या इवेंट ऑर्गेनाइजर बनना।

आपको इसके लिए जरूरी स्किल्स सीखनी पड़ेगी। किसी एक गेम को चुनें और उसमें एक्सपर्ट बनें। इसके लिए रोजाना प्रैक्टिस और अपनी गलतियों का आकलन करना जरूरी है। इनके साथ-साथ टीम के साथ तालमेल बिठाने के लिए अच्छी बातचीत की कला सीखें। महारत पाने के लिए सबसे जरूरी है तकनीकी ज्ञान।

**प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग:** चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स के आने से अब 'प्रॉम्प्ट इंजीनियर' की भारी डिमांड हो गई है। इसमें आपको कोडिंग नहीं, बल्कि एआई से सही तरीके से काम करवाने की कला (सही निर्देश देना) आना चाहिए। बड़ी कंपनियां इसके लिए करोड़ों का पैकेज देने को तैयार हैं। इसे सीखने के लिए एंड्रयू एनजी द्वारा संचालित, चैटजीपीटी प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग फॉर डेवलपर्स एक शानदार फ्री कोर्स है। इसके अलावा लर्न प्रॉम्पटिंग एक ओपन-सोर्स गाइड है, जो आपको मुफ्त में एआई से बेहतर तरीके से कम्युनिकेट करना सिखाती है।

**कंटेंट क्रिएशन और इंफ्लुएंसर मार्केटिंग:** यूट्यूब, इंस्टाग्राम और पॉडकास्ट अब सिर्फ मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि फुल-टाइम बिजनेस बन चुके हैं। एक खास विषय पर अच्छी पकड़ और दर्शकों से जुड़ने का हुनर आपको ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए रातों-रात सेलिब्रिटी और अमीर बना सकता है। फाइनेंस की जानकारी देने वाले फिनफ्लुएंसर और डिजिटल मार्केटिंग का फील्ड भी अच्छा है। डिजिटल मार्केटिंग की बेसिक जानकारी के लिए आप गूगल डिजिटल गैरेज मुफ्त में इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंट:** दुनिया अब पर्यावरण को लेकर गंभीर है। कंपनियां ऐसे लोगों को खोजती रहती हैं, जो उन्हें 'ईको-फ्रेंडली' बनने में मदद करें। अगर आप पर्यावरण प्रेमी हैं और बिजनेस की समझ रखते हैं, तो यह क्षेत्र भविष्य का सबसे बड़ा मार्केट है।



सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंट वह पेशेवर होता है, जो कंपनियों और संगठनों को पर्यावरण के अनुकूल काम करने और अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की सलाह देता है। इसके लिए संबंधित शैक्षणिक योग्यता जरूरी है। पर्यावरण प्रबंधन या ईएसजी में (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) विशेषज्ञता हासिल करना आपकी प्रोफाइल को बेहतर बनाता है। एक सफल कंसल्टेंट बनने के लिए आपको तकनीकी और सॉफ्ट स्किल्स दोनों की आवश्यकता होती है। जैसे कार्बन उत्सर्जन और पानी के उपयोग जैसे डेटा का विश्लेषण करना आना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार रिपोर्ट तैयार करना आना चाहिए। अपने क्लाइंट के वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए स्थाई व्यावसायिक रणनीतियां बनाने की चतुराई होनी चाहिए। साथ ही आप में अपने क्लाइंट्स को जटिल पर्यावरणीय नीतियों को सरल भाषा में समझाने की कला भी होनी चाहिए। *




कविता / अवतार सिंह अक्षरजीवी

## स्लेटीपन

कोई सुख, नहीं होता पूरा सुख
कोई दुख, नहीं होता पूरा दुख
चरित्र आधे-अधूरे होते हैं
भावनाएं-कई रंगों का मिश्रण,
एक कोने पर थोड़ा-सा सफेद
दूसरे किनारे पर जरा-सा काला
इनके बीच में बहुत सारा स्लेटी होता है।
सुख में नुकसान ढूंढ़ लेता है मन
और दुख में आनंद तलाश लेता है,
गीतों में से निकाल सकते हैं कंक्रीट
और राख में भी संगीत देख सकते हैं,
किसी का स्वभाव कैसा भी हो
हमारे अनुकूल हो, बस ठीक है जैसे
गर्मियों का आलोचक है संसार लेकिन
शहर की खाली सड़कें, कम ट्रैफिक
इस ऋतु को बेहतर घोषित करने में
कहीं न कहीं विवश सा कर देता है।

लघुकथाएं

## पतझड़



उसकी दरवाजे पर हल्की-सी वह दस्तक मुझे आज भी याद है। दरवाजे की सांकल खोलते ही उसे सामने पाया तो मैं एक बारगी ठगा-सा रह गया। सारा केश विन्यास अस्त-व्यस्त था, चेहरे की लालिमा कहीं खो सी गई थी। आंखों के नीचे स्याही की एक मोटी रेखा ने मुझे झकझोर दिया। मैंने उसके शांत लेकिन अंदर तक उद्वेलित चेहरे को पढ़ने का प्रयास किया। मुझे लगा कि वह नितांत अकेली वन में खड़ी एक प्यासी हिरनी सी है, जो अपने साथी के बिछड़ जाने पर अपनी गोल-गोल चपल आंखों में अतीत के कितने ही पल समेटे हुए है। मैं और वह किंकर्तव्यविमूढ़ से एक-दूसरे को कुछ देर तक निहारते रह गए। तंद्रा तब टूटी, जब बादलों की तेज गड़गड़ाहट ने हमें बारिश होने का अहसास दिलाया। 'आओ न! बाहर क्यों खड़ी हो?' मैंने सहज भाव से उसे अंदर आने का निमंत्रण दिया। ऐसा लगा कि हम वर्षों वर्ष अलग रहने के बावजूद भी भावनात्मक रूप से कहीं जुड़े हुए हैं। गहरी चुप्पी के साथ वह अंदर आ गई और सोफे के एक किनारे पर सिमट कर जड़वत बैठ गई। 'आज अचानक, इस तरह!' मैंने खामोशी को तोड़ने का प्रयास किया। सुनते ही उसकी आंखों में लाल डोरे तैरने लगे, जिन्हें मैंने साफतौर पर महसूस किया। 'कुछ परेशान सी हो! क्या हुआ?' मेरे यह पूछते ही वह संयम खो बैठी। आंखों में बरसों से सिमटा दर्द एकाएक आंसुओं की धार बनकर बह निकला। जब तक मैं कुछ समझ पाता वह फूट-फूटकर रोने लगी। मैं एकटक उसके मन का बोझ हल्का होते देखता रहा। कुछ समय बीता और वह धीरे से कुछ बुदबुदाई। मैंने सुना वह प्राश्यिचत कर रही थी। 'मुझे माफ कर दो सुमी! मैं हार गई हूं। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था।' उसकी आवाज की कंपकंपी को मैंने सर्द झौंके सा महसूस किया। एक ठंडी सिहरन मेरे तन-बदन में दौड़ गई। कुछ देर बाद मैं चाय बनाकर ले आया। मेरे आग्रह पर उसने चाय का कप उठा लिया। 'याद है मिनी...' मैंने उसे टटोलते हुए कहा, 'मैंने कभी भी अपने हाथ से चाय नहीं बनाई और न ही मैं आज तक ठीक से चाय बनाना सीख सका, क्योंकि तुमने मुझे अपने ऊपर इतना निर्भर कर दिया था। तुम कहती थी कि मेरे होते तुम चाय क्यों बनाओगे? सब कुछ बदल गया इधर कुछ सालों से! देखो तो चाय ठीक बनी है या नहीं? मिनी ने हां में सिर हिलाया और उसकी आंखें मेरे चेहरे पर ठहर गईं। प्रशंसा की यह मूक भाषा मैंने उसकी आंखों में पहली बार पढ़ी थी। 'तुम्हें पता है सुमी! मैं भी इतने बरस, इतनी अकेली रही हूं कि चैन की एक सांस भी न ले सकी। हर घड़ी तुम्हारे साथ बीते पल मुझे कुरेदते रहते। मेरा अहंकार मुझे धीरे-धीरे खोखला करता गया और मैं घुन लगे पेड़ की तरह अंदर से बिल्कुल बेजान हो गई। मुझमें अकेले खड़े रहने की भी ताकत नहीं बची, सुमी मैं टूट गई हूं। मुझे मेरा सहारा वापस दे दो प्लीज। अब मैं तुम्हारे सहारे जीना चाहती हूं।' उसका क्रंदन मुझे भीतर तक सालता चला गया। दस साल पहले वह उस पत्ते की तरह मुझसे अलग हो गई थी, जो पतझड़ के मौसम में एक क्षण में अपनी शाख से अलग हो जाता है। उसने मुड़कर भी नहीं देखा था तब। घर छोड़कर जाते समय उसने अपने दोनों बच्चों रजत और सजल को भी नहीं पुकारा। एक निष्ठुर मां बनकर उसने घर में कदम न रखने की कसम खाई थी और फिर लौटकर नहीं आई। आज दस साल बीतने के बाद वक्त ने करवट ली थी और हम दोनों उसी कमरे में एक बार फिर साथ बैठे हैं। *

-डॉ. सुबोध भटनागर

## तस्वीर




पा-पापा आप ये क्या देख रहे हैं?' अशोक के बेटे ने पूछा। 'बेटा एक पुरानी तस्वीर देख रहा हूं। अपने भाई-बहनों की।' आंखें नम करते हुए अशोक ने जवाब दिया। 'कौन-कौन हैं ये?' बेटे ने तस्वीर को गौर से देखते हुए पूछा। तस्वीर को दिखाते हुए अशोक बोले, 'पीली ड्रेस वाली तेरी बड़ी बुआ, पिंक ड्रेस में मंझली बुआ और लाल में जो बैठी है, वो छोटी बुआ।' 'और ये हरी ड्रेस में कौन है?' बेटे ने पूछा। 'अरे यह मेरा छोटा भाई श्यामू यानी तेरा चाचू।' अशोक ने बताया। 'इसका मतलब नीली शर्ट वाले आप ही हैं।' बेटे ने शरारती लहजे में कहा। अशोक ने मुस्कुराते हुए हां में गर्दन हिला दी। 'लेकिन पापा इनको तो मैंने कभी देखा ही नहीं। बुआ और चाचू अब कहां हैं और अपने घर क्यों नहीं आते?' बेटे ने फिर सवाल किया। अशोक ने स्वयं को संभालते हुए कहा, 'हम सबको पिताजी ने यानी तुम्हारे दादाजी ने खूब पढ़ाया-लिखाया लेकिन...' 'लेकिन क्या पापा?' बेटे ने पूछा। 'ये सब विदेश में जाकर बस गए वहीं बड़ी-बड़ी कंपनियों में इंजीनियर हैं।' अशोक ने उदास मन से जवाब दिया। 'आप क्यों नहीं गए विदेश पापा पढ़े-लिखे तो आप भी बहुत है।' बेटे ने पूछा। 'बेटा, मैं भी जाने को तो चला जाता लेकिन बूढ़े मां-बाप की जिम्मेदारी थी मुझ पर... उनकी देखभाल जो करनी थी।' अशोक ने कहा। 'तो क्या बड़े का ही कर्तव्य होता है मां-बाप की सेवा करना, छोटों का नहीं?' बेटे ने थोड़ा गंभीर होते हुए पूछा। 'होता तो है लेकिन कोई समझे तब ना!' उन्होंने लंबी सांस भरते हुए कहा। बेटे का चेहरा उतर गया। उसके उतरे चेहरे को देखकर अशोक ने पूछा, 'अरे तुमने मुंह क्यों लटका लिया?' उसने धीरे से कहा, 'इसका मतलब तो यह हुआ कि मैं बड़ा होकर विदेश नहीं जा सकता।' 'क... क... क्यों... नहीं जा सकते तुम?' अशोक ने आश्चर्य से पूछा। 'मैं तो आपका इकलौता बेटा हूं ना इसलिए। मुझे तो बड़े होने की भूमिका निभानी है, छोटे होने की नहीं।' बेटायह कहते हुए अपने पापा के गले से लिपट गया। बेड पर रखे एलबम के पन्ने हवा के संग फड़फड़ा रहे थे। *

-गोविंद भारद्वाज

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## लोक-संस्कृति का प्रवाह

वर्तमान आधुनिकता के हाहाकारी बयार और पश्चिमी अंधानुकरण के दौर में जब जन सामान्य, अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है, ऐसे में लोक संस्कृति से जुड़ाव की दिशा में किया गया छोटा सा प्रयास भी बहुत मायने रखता है। इस लिहाज से हाल में प्रकाशित हुए 'नवोदित प्रवाह' के लोक संस्कृति विशेषांक की सराहना की जानी चाहिए। इसमें देश के लगभग हर प्रदेश की लोक संस्कृति की बहुरंगी छवि देखी जा सकती है। संस्कृति की महत्ता को रेखांकित करते हुए वरिष्ठ लेखक राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी लिखते हैं, 'संस्कृति जीवन के साथ चलती है, जीवन के प्रवाह में बहती है, जीवन को गति देती है, जीवन को प्रेरित और निर्देशित करती है।' रमई काका पर गंगा प्रसाद शर्मा का लेख, कजली पर कृष्ण कुमार यादव का लेख, लावणी




लोकनृत्य पर इंदिरा किसलय का लेख समेत पूर्वोत्तर राज्यों की सांस्कृतिक विरासत पर भी बढ़िया लेख यहां पढ़े जा सकते हैं। बंगाल के लोक साहित्य पर अल्पना सिंह का लेख, छत्तीसगढ़ के लोकगीत और लोकनृत्य पर ममता तिवारी का लेख भी पठनीय है। इनके अलावा 'महुआ घटवारिनः एक अधूरी प्रेम कहानी' (कहानी), 'गर्व या मातम' (लघुकथा) और लोक-सांस्कृतिक रंग में रंगी बुद्धिनाथ मिश्र, आकांक्षा द्विवेदी, कृष्ण बिहारी, उद्भ्रांत की कविताएं विशेष रूप से पठनीय हैं। वरिष्ठ कवि बाल स्वरूप राही के साक्षात्कार ने इस अंक की महत्ता को और बढ़ा दिया है। *

**पत्रिकाः** नवोदित प्रवाह-वार्षिकांक 2026 (लोक संस्कृति विशेष), **संपादकः** रजनीश त्रिवेदी 'आलोक', **मूल्यः** 200 रुपए
**प्रकाशन स्थलः** देहरादून, उत्तराखंड

{ अमेजिंग / रजनी अरोड़ा }

स्पेशलः इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

संग्रहालय यानी म्यूजियम ऐसी जगह होती है, जहां इतिहास, कला, संस्कृति, रक्षा या विज्ञान की दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तुओं का संग्रह और संरक्षण किया जाता है। इसके अलावा कई संग्रहालयों में यूनिक आइटम्स का संग्रह भी किया जाता है। अपने देश में स्थित कुछ अनोखे संग्रहालयों पर एक नजर।

# देश के अनूठे म्यूजियम



## सुदर्शन सेंड आर्ट म्यूजियम पुरी



**ओडिशा के** समुद्र तट के पास स्थित इस म्यूजियम की स्थापना मशहूर सेंड आर्टिस्ट सुदर्शन पट्टनायक ने साल 2010 में की थी। इसका उद्देश्य सेंड आर्ट को वैश्विक पहचान दिलाना और सामाजिक संदेशों को कला के माध्यम से प्रस्तुत करना है। यहां रेत से बनी विशाल मूर्तियां प्रदर्शित की जाती हैं, जिनमें भगवान श्री जगन्नाथ, पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति, आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति से जुड़े विषय प्रमुख होते हैं। रेत जैसी साधारण चीज को अद्भुत कला में बदल देना, इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। सामान्यतः समुद्र तट पर बनाई गई सेंड आर्ट कुछ समय बाद लहरों से नष्ट हो जाती है, लेकिन यहां विशेष तकनीक और केमिकल ट्रीटमेंट की मदद से स्कल्पचरों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जाता है। अपनी इस अनूठी कला के लिए सुदर्शन पट्टनायक को भारत सरकार द्वारा पद्म श्री सम्मान मिल चुका है। *

## काइट म्यूजियम अहमदाबाद



**गुजरात के** अहमदाबाद में स्थित इस काइट म्यूजियम की स्थापना सन 1985 में भानुभाई शाह की पतंगों के निजी संग्रह से हुई थी। यहां पतंगों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और कलात्मक विविधता देखने को मिलती है। यहां भारत और विदेशों की 125 से अधिक अत्यंत दुर्लभ और कलात्मक पतंगें रखी गई हैं, जिनमें जापान, मलेशिया, कोरिया, अमेरिका जैसे देशों की पतंगे भी शामिल हैं। कुछ पतंगें मिनिएचर आकार की हैं, तो कुछ विशाल और अत्यंत कलात्मक हैं। संग्रहालय में हाथ से चित्रित, मिरर वर्क और ब्लॉक प्रिंट वाली पारंपरिक गुजराती पतंगें भी हैं। यहां एक 16 फीट लंबी पतंग भी है, जिस पर उकेरा गया गरबा डांस आने वाले दर्शकों को बरबस ही अपनी ओर खींचता है। उत्तरायण उत्सव के दौरान यहां बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं। *

## सुधा कार म्यूजियम हैदराबाद



**ऑटोमोबाइल डिजाइनर** के. सुधाकर द्वारा तेलंगाना के हैदराबाद में स्थापित यह म्यूजियम, दुनिया का पहला हैंडमेड कार म्यूजियम है। यह भारतीय नवाचार, रचनात्मकता और ऑटोमोबाइल के अनूठे संगम को दर्शाता है। सबसे खास बात है कि यहां प्रदर्शित कारें और बाइक, दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली चीजों के रूपाकार में डिजाइन की गई हैं जैसे- कैमरा, पर्स, जूता, किताब, बर्गर, क्रिकेट बैट, लिपस्टिक, टेबल टेनिस बॉल आदि। सभी गाड़ियां वर्किंग कंडीशन में हैं लेकिन बिक्री के लिए नहीं हैं। यहां दुनिया की सबसे बड़ी तिपहिया साइकिल और सबसे छोटी डबल डेकर बस भी देखी जा सकती है, जिन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकाड्र्स में भी शामिल किया गया है। हर गाड़ी के साथ उसकी निर्माण प्रक्रिया, लागत, अधिकतम गति आदि की जानकारी भी दी गई है। यह म्यूजियम बच्चों-बड़ों सभी को पसंद आता है। *

## विरासत-ए-खालसा आनंदपुर साहेब



**इस संग्रहालय** की स्थापना पंजाब में वर्ष 2011 में की गई थी। यहां सिख गुरुओं के जीवन, खालसा पंथ की स्थापना, पंजाब के इतिहास, संस्कृति और धार्मिक संघर्षों को अत्याधुनिक मल्टीमीडिया तकनीकों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसकी इमारत का अनोखा वास्तुशिल्प भी आकर्षण का केंद्र है। विशाल पेंटिंग्स, मल्टीमीडिया लाइट एंड साउंड शो, यहां आने वाले दर्शकों को ऐतिहासिक घटनाओं का जीवंत अनुभव कराते हैं। इस म्यूजियम की गिनती भारत के तकनीकी तौर पर एडवांस म्यूजियमों में की जाती है। *

## नेवल एविएशन म्यूजियम गोवा




**साल 1998 में** गोवा में स्थापित इस म्यूजियम में कई विंटेज विमान और लड़ाकू विमानों में प्रयोग होने वाले हथियार प्रदर्शित किए गए हैं। साथ ही यहां आईएनएस विराट युद्धपोत का मॉडल भी रखा गया है। इस अनोखे म्यूजियम में एवियाफ्लिक्स थिएटर भी है, जहां पर्यटक नेवल एविएशन के बारे में रोचक जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। भूख लगे तो यहां बने कॉकपिट कैफे में आराम से बैठकर खा-पी भी सकते हैं। *

## आरबीआई मॉनेटरी म्यूजियम मुंबई



**रिजर्व बैंक** ऑफ इंडिया द्वारा मुंबई में संचालित इस म्यूजियम की स्थापना वर्ष 2004 में की गई थी। यहां मुद्रा से जुड़ी डेढ़ हजार से ज्यादा वस्तुओं का संग्रह है। इस म्यूजियम में छठी सदी से आज तक के सिक्के और नोटों का अच्छा कलेक्शन है। पर्यटक यहां नोटों और सिक्कों के बनने का प्रोसेस भी जान सकते हैं। साथ ही समझ सकते हैं कि करेंसी में किस-किस तरह की सिक्योरिटी फीचर होते हैं। *

## इंडियन म्यूजिक एक्सपीरियंस म्यूजियम बेंगलुरू



2018-19 में कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थापित यह म्यूजियम, भारत का पहला इंटरएक्टिव म्यूजिक म्यूजियम है। इस म्यूजियम की स्थापना का उद्देश्य भारतीय संगीत की हजारों वर्षों पुरानी परंपरा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत करना था। यहां भारतीय संगीत के इतिहास, शास्त्रीय संगीत, लोकसंगीत, सूफी संगीत, फिल्म संगीत और आधुनिक संगीत की यात्रा को डिजिटल डिस्प्ले, ऑडियो इंस्टॉलेशन और इंटरएक्टिव तकनीकों के माध्यम से समझाया जाता है। म्यूजियम में तबला, सितार, सरोद, वीणा जैसे वाद्ययंत्रों का भी प्रदर्शन किया गया है। दर्शक यहां हेडफोन, टच स्क्रीन और डिजिटल गैलरी के माध्यम से विभिन्न वाद्ययंत्रों को सुनने और स्वयं बजाने का अनुभव भी कर सकते हैं। *

## ट्रिक आर्ट 3-डी म्यूजियम चेन्नई



भारत का पहला ट्रिक आर्ट 3-डी म्यूजियम की स्थापना तमिलनाडु के चेन्नई में कलाकार ए. पी. श्रीधर ने साल 2016 में की थी। यह म्यूजियम फ्रेंच आर्ट फॉर्म-ट्रॉम्प लोय या दृष्टि भ्रमकारी कला यानी (ऑप्टिकल इल्यूजन) और इंटरेक्टिव आर्ट के लिए मशहूर है। यहां की गैलरियों में दर्शकों को भ्रमित कर देने वाली 24 से अधिक इंटरएक्टिव 3-डी पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। जो आने वाले दर्शकों को एक जादुई दुनिया का अहसास कराती हैं। इनके साथ खड़े होकर फोटो लेने पर ऐसा लगता है, मानो ये पेंटिंग्स जीवित हो गई हैं। यहां आने वाले दर्शक उस दृश्य का हिस्सा-सा बन जाते हैं और उनके साथ फोटो खिंचवाए बिना नहीं रहते। ट्रिक आर्ट म्यूजियम की तर्ज पर अब बेंगलुरू में क्लिक आर्ट म्यूजियम और मुंबई में पैराडॉक्स म्यूजियम भी बनाए गए हैं। *

## ब्रेन म्यूजियम बेंगलुरू



**नेशनल इंस्टीट्यूट** ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (निमहांस) द्वारा बेंगलुरु में स्थापित यह भारत का एकमात्र और विश्व के गिने-चुने ब्रेन म्यूजियमों में से एक है। इस म्यूजियम में 400 से अधिक मानव मस्तिष्क और कई पशु-पक्षियों (जैसे- गाय, मुर्गी, चूहा, बंदर) के मस्तिष्क फॉर्मलीन केमिकल में संरक्षित करके प्रदर्शित किए गए हैं। जिन्हें पिछले 40 वर्षों में वैज्ञानिकों ने एकत्र किया है। इनके अलावा यहां फेफड़े, वोकल बॉक्स, आंतें और मानव कंकाल के नमूने भी हैं। शुरुआत में ये संग्रह मेडिकल छात्रों और शोध के लिए थे, लेकिन अब आम जनता के लिए भी खोले गए हैं। इसका उद्देश्य न्यूरोसाइंस की जानकारी देना, ब्रेन की संरचना, कार्य, विकास और कुछ बीमारियों (जैसे- अल्जाइमर, पार्किंसन, ब्रेन ट्यूमर) से जुड़ी भ्रांतिया दूर करने के साथ अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। यहां पर्यटक असली मानव मस्तिष्क को हाथ में लेकर भी देख सकते हैं, जो रोमांच से भर देता है। *

---

{ विशिष्ट पेड़ / वीना गौतम }

# बहुपयोगी इमली का पेड़



बढ़ती लागत, घटती पैदावार और जल संकट के इस दौर में भारत के किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह ऐसी खेती का चुनाव करें, जो कम खर्च में स्थाई और भरोसेमंद आय दे सके। इस नजरिए से इमली का पेड़ एक अच्छा विकल्प है। लंबे जीवनकाल, कम देखभाल और सूखा सहन करने की इमली के पेड़ में अद्भुत क्षमता के कारण इसे एक बार लगाने के बाद सालों साल लगातार उत्पादन देता रहता है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी इसकी स्थिर मांग बनी रहती है।

**आसान है खेतीः** खास बात यह है कि इसे खेत की मेढ़ों या बंजर भूमि पर भी उगाया जा सकता है, जो अतिरिक्त आय का स्रोत बन सकता है। भारत के सबसे उपयोगी और बहुउद्देशीय पेड़ों में से एक इमली के पेड़ का वैज्ञानिक नाम टैमरिंड्स इंडिका है। यह मूल रूप से अफ्रीका का पेड़ है, लेकिन प्राचीन काल से ही भारत में इसकी समृद्ध मौजूदगी रही है। दक्षिण भारत में विशेषकर कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, मध्य भारत में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में तथा महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के अलावा असम, बंगाल और बिहार में भी इमली के पेड़ बड़ी संख्या में पाए जाते हैं।

**आर्थिक-पर्यावरणीय महत्ताः** इमली सिर्फ किसानों की आर्थिक आय का ही मजबूत स्रोत नहीं बन सकता बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण पेड़ है। इमली का पेड़ 15 से 25 मीटर तक ऊंचा हो सकता है। यह दीर्घजीवी पेड़ है यानी बहुत आसानी से 100 से 200 सालों तक फलता है। इसका तना मजबूत, मोटा और खुरदुरा होता है। इसकी कैनोपी यानी इसका छत्र, घना और फैलावदार होता है। इसमें छोटी-छोटी कंपाउंड पत्तियां पाई जाती हैं। ये पत्तियां हल्की हरी और मुलायम होती हैं। इमली के पेड़ में छोटे पीले रंग के लाल धारियों के साथ फूल लगते हैं, ये अप्रैल से जून के महीने में लगते हैं और फिर लंबी भूरे रंग की फली जिसके अंदर खट्टा-मीठा गूदा होता है, इसके बीज कठोर और चमकीले होते हैं। इमली के पेड़ का मुख्यतः प्रजनन बीज द्वारा होता है। 25 से 35 डिग्री सेंटीग्रेड का तापमान इसके लिए आदर्श होता है और जिन इलाकों में सालाना 500 से लेकर 1500 मिलीमीटर तक वर्षा होती है, वहां इसे आराम से लगाया जा सकता है। यह मिट्टी का कटाव रोकता है। पशुओं के लिए छाया और चारा देता है। इमली का पेड़ कार्बन अवशोषण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जाता है और दीर्घकाल में यह खेती की उत्पादकता भी बढ़ाता है। हाल के सालों में इमली के फलों की मांग देश ही नहीं विदेश में भी काफी ज्यादा हुई है। किसानों के लिए इमली का पेड़ कम लागत में ज्यादा लाभ का शानदार जरिया है। इमली के गूदे का भारत में हर जगह विभिन्न तरह के खाए जाने वाले व्यंजनों में उपयोग किया जाता है, विशेषकर सांभर, चटनी, कढ़ी और कई तरह के पेय पदार्थ में इमली का उपयोग होता है। फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में इसकी अच्छी खासी मांग है। टार्टरिक एसिड, पॉलिश और कई किस्म की दवाइयां इसके इस्तेमाल से बनाई जाती हैं। *


---

{ सक्सेस फंडा / नेहा जैन }

अगर आप जीवन में कुछ बड़ा, कुछ नया पाने की तमन्ना रखते हैं, तो आपको अपने काम करने के तरीके में भी कुछ नयापन लाना होगा।

# बदलें पुरानी वर्किंग स्टाइल लिखें सक्सेस की नई कहानी





सफलता संसाधनों की अधिकता से नहीं, बल्कि सोच की स्पष्टता और काम करने के स्मार्ट तरीकों से मिलती है। अगर सूझबूझ और स्मार्ट तरीके से काम किया जाए तो आपको हैवी फंडिंग या भारी-भरकम टीम की जरूरत नहीं होती है। आपके काम करने का तरीका ही वह असली फंडा है, जो आपको भीड़ से अलग खड़ा करेगा और सफलता के मुकाम तक पहुंचाएगा। इस बारे में जेसन फ्राइड और डेविड हैनमेयर हैनसन की पुस्तक 'रीवर्क' में डिटेल में बताया गया है।

**लोगों पर नहीं काम पर करें फोकसः** जब भी आप कोई नया काम करने की सोचते हैं, लोग तरह-तरह की बातें करते हैं और कई बार आपको हतोत्साहित करते हैं। ऐसे में आपको अपनी मेहनत और कौशल पर यकीन करना चाहिए। दूसरों के अनुभवों से डरने के बजाय अपने प्रयोग करने चाहिए।

**प्लानिंग से ज्यादा जरूरी एक्शनः** अत्यधिक योजनाएं बनाने में समय नष्ट न करें। बस शिद्दत से काम शुरू करें, बाकी चीजें समय के साथ स्पष्ट होती चली जाएंगी। यह समझना होगा कि सिर्फ बातें करने से कुछ नहीं होगा। जो आप वास्तव में बना रहे हैं, उस पर ध्यान केंद्रित करें।

**कम में ज्यादा खोजेंः** आप कुछ भी करें, बाधाएं तो आएंगी ही। 'मेरे पास पैसे नहीं हैं' या 'मेरी टीम छोटी है' जैसे बहाने बनाना छोड़ें। कम संसाधन आपको समाधान खोजने के लिए मजबूर करते हैं। छोटे बजट में आप फालतू खर्चों से बचते हैं और केवल वही करते हैं, जो सबसे ज्यादा जरूरी है। याद रखिए सीमाएं ही नवाचार की जननी हैं।

**अपनी अलग पहचान बनाएंः** यदि आप दूसरों की नकल करेंगे, तो भीड़ में खो जाएंगे। अपनी सर्विस या प्रोडक्ट को पर्सनल टच दें। यदि आप काम में अपने अनोखे विचार डालते हैं, तो आपका कॉम्पिटिशन कम हो जाता है। लोग आपकी सर्विस इसलिए लेंगे क्योंकि वह औरों से अलग है।

**गलतियों से न डरेंः** असफलता अंत नहीं है। असफल होना आपको सिखाता है कि क्या काम नहीं करना है। अपनी गलतियों को सुधारें, गलतियों से सीखें और आगे बढ़ें। याद रखें, काम करने का असली तरीका किताबी नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव होता है।

**वर्कोहलिक बनने से बचेंः** बिना आराम किए दिन में 15-18 घंटे काम करना मेहनत नहीं, बल्कि कुप्रबंधन है। इससे आपकी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी पर बुरा असर पड़ सकता है। असली कुशलता कम समय में गुणवत्तापूर्ण परिणाम देने में है। कम समय में स्मार्ट तरीके से काम करना ही असली कुशलता है।

**'ना' कहना भी जरूरीः** एक साथ बहुत सारे काम करने की कोशिश में हम अकसर औसत दर्जे का परिणाम देते हैं। फालतू सुझावों और ध्यान भटकाने वाली चीजों को 'ना' कहें ताकि आप अपनी कोर स्ट्रेंथ पर ध्यान केंद्रित कर सकें। 'ना' कहना आपको अपने मुख्य लक्ष्य पर केंद्रित रखता है।

**अकेलेपन का समय निकालेंः** रचनात्मक काम के लिए गहरी एकाग्रता चाहिए। दिन का कोई एक हिस्सा 'साइलेंस जोन' के लिए रखें, जहां कोई आपको डिस्टर्ब न कर सके। यही वह समय है जब आप अपना 'डीप वर्क' पूरा कर पाएंगे। *

---

हाल में ही सोनी एंटरटेनमेंट चैनल और सोनी लिव पर गेम रियलिटी शो 'तुम हो ना' शुरू हुआ है। बतौर होस्ट इसके जरिए राजीव खंडेलवाल ने लंबे अंतराल के बाद टीवी पर वापसी की है। इस शो को एक्सेप्ट करने की क्या वजह रही? लंबे समय तक टीवी से दूर क्यों रहे? शो और करियर से जुड़े कुछ और सवाल राजीव खंडेलवाल से।

# मैं वही काम करना चाहता हूं जो मुझे खुशी दे: राजीव खंडेलवाल



{ खास मुलाकात / आरती सक्सेना }

अभिनेता राजीव खंडेलवाल ने सबसे पहले एकता कपूर के टीवी डेली सोप 'कहीं तो होगा' से प्रसिद्धि पाई। फिर रियलिटी शो 'सच का सामना' के दो सीजन के दौरान उन्हें खूब लोकप्रियता मिली। लंबे गैप के बाद राजीव एक बार फिर महिलाओं के सम्मान और खुशी पर आधारित गेम-रियलिटी शो 'तुम हो ना' होस्ट करते नजर आ रहे हैं। यह शो खासतौर पर उन महिलाओं को लेकर बनाया गया है, जो अपने घर की बॉस हैं और मुश्किलों से भरी जिंदगी जीकर अपना मुकाम बना चुकी हैं। हाल ही में हुई लंबी बातचीत में राजीव खंडेलवाल ने इस शो से जुड़े सवालों के बेबाक अंदाज में जवाब दिए। पेश है इस बातचीत के प्रमुख अंश-

**'तुम हो ना' रियलिटी शो में क्या खास लगा, जिस वजह से आपने इसे होस्ट करना एक्सेप्ट किया?**

खास वजह यही है कि यह शो महिलाओं पर केंद्रित है। 'तुम हो ना' महिलाओं का शो है, जिसमें कॉमन महिलाएं आती हैं, और अपने दिल की बातें, अपना संघर्ष अपनी खुशी और गम हमारे साथ शेयर करती हैं। हम उनको गेम्स खिलाते हैं, उनका मनोरंजन करते हैं। इस शो में कई मां-बहनें अलग-अलग शहरों से अपने अनुभव लेकर आती हैं और अपना अनुभव हमारे साथ साझा करती हैं।



शो 'तुम हो ना' में एक कंटेस्टेंट से बात करते हुए राजीव खंडेलवाल

**इस शो के लिए क्या आपने अपने ड्रेसिंग स्टाइल पर भी खास ध्यान दिया है?**

हां, मेरी स्टाइलिस्ट ने कहा कि इस शो के लिए अगर हम ड्रेसिंग में महिला की ज्वेलरी का इस्तेमाल करेंगे तो बहुत अच्छा लगेगा। मैंने अपने ड्रेस में महिलाओं की ज्वेलरी जैसे बिंदी, पायल, मांग टीका, झुमके आदि का इस्तेमाल किया है। इसके अलावा बांदनी चुन्नी का भी उपयोग किया है। पहले मैं थोड़ा असमंजस में था, लेकिन बाद में जब लोगों ने तारीफ की तो मुझे लगा कि यह वाकई स्टाइलिश लग रहा है। सच कहूं तो इस शो में इस तरह की ड्रेस पहनने का पर्पस मेरी ओर से महिलाओं को खास अंदाज में ट्रिब्यूट देना है।

**'तुम हो ना' से पहले आपने काफी लंबा गैप लिया। इतना लंबा ब्रेक लेने के पीछे क्या खास वजह रही?**

मनपसंद रोल नहीं मिल रहा था। एक ही तरह के रोल ऑफर हो रहे थे, जो तीन-चार साल तक चलने वाले डेली सोप के थे। मैं इतने लंबे समय वाले सीरियल नहीं करना चाहता था। मैंने कभी भी काम के लिए 'ना' नहीं कहा, लेकिन अच्छा काम न होने की वजह से मुझे गैप लेना पड़ा। पैसों की ऐसी भी किल्लत नहीं थी कि मुझे अनाप-शनाप काम करना पड़े। मैं वही काम करना चाहता हूं जो मुझे खुशी दे और जिसमें मुझे देखकर दर्शक खुश हो। सोनी का यह शो जब ऑफर हुआ, तो मुझे इसका कॉन्सेप्ट बहुत यूनीक और अच्छा लगा, इसलिए मैंने यह शो एक्सेप्ट कर लिया।

**'सच का सामना' और 'तुम हो ना', दोनों रियलिटी शोज में आपको मुख्य तौर पर क्या फर्क नजर आता है?**

दोनों ही शोज रियलिटी से जुड़े हैं। दोनों में ही आम लोग पार्टिसिपेट करते हैं। फर्क यह है कि 'सच का सामना' में आम लोगों ने अपनी जिंदगी के कड़वे-सच्चे अनुभवों के बारे में बताया, जबकि 'तुम हो ना' शो में उन आम महिलाओं की कहानी है, जिन्होंने अपना जीवन अपने परिवार को समर्पित करके परिवार की स्टार बनीं। वह घर की मांएं, बेटियां और बहनें हैं, जिनकी मर्जी के बगैर घर में कुछ नहीं होता। 'सच का सामना' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। रिलेटेबल और अलग हटके कॉन्सेप्ट होने के कारण 'तुम हो ना' को भी दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।

**आपने कुछ समय पूर्व एक वेब सीरीज भी की 'अमर विश्वास', जो कोर्ट रूम ड्रामा पर केंद्रित है। क्या यह सच है कि अब आपको टीवी डेली सोप से ज्यादा वेब सीरीज में काम करना पसंद है?**

नहीं, ऐसी कोई बात नहीं है। मैं एक एक्टर हूं और मुझे जहां अच्छा रोल मिलेगा, मैं करना चाहूंगा, फिर चाहे वह फिल्म हो, टीवी हो, वेब सीरीज या थिएटर ही क्यों ना हो। मैं वह सब काम करूंगा, जिसमें मेरी दिलचस्पी है, जैसे कि थिएटर करने में मुझे सबसे ज्यादा मजा आता है। क्योंकि वहां पर लाइव ऑडियंस मिलती है।

**आपने फिल्म, टीवी और वेब सीरीज के अलावा थिएटर भी किया है?**

हां, मैंने एक थिएटर किया था 'कोर्ट मार्शल' जो जी-टीवी के लिए था। इसमें मैंने वकील की भूमिका निभाई थी। लाइव ऑडियंस के सामने आधा-आधा घंटे के दो भाग में मेरा परफॉर्मेंस था। लाइव ऑडियंस के अलावा एनएसडी के थिएटर कलाकारों ने जब मेरी एक्टिंग की तारीफ की तो मुझे बहुत खुशी और संतुष्टि मिली। मेरा मानना है कि थिएटर में किया गया अभिनय सबसे मुश्किल होता है, बावजूद इसके थिएटर के कलाकारों को कोई अवार्ड नहीं मिलता, इस बात का मुझे दुःख है। *

### घर की महिलाएं होती हैं रियल स्टार

'तुम हो ना' महिलाओं पर केंद्रित शो है, जिसे राजीव होस्ट कर रहे हैं। उनकी पर्सनल लाईफ में महिलाओं की क्या भूमिका रही है, इस बारे में पूछने पर वह बताते हैं, 'मेरी जिंदगी में बचपन से लेकर आज तक महिलाओं का प्यार मां, बहन और पत्नी के रूप में हमेशा रहा है। मेरे पिता मिलिट्री में थे इसलिए मैंने अपनी मां के साथ बहुत वक्त बिताया है। आज वह नहीं हैं मेरे साथ लेकिन उनका बहुत बड़ा योगदान मेरे जीवन में है। अच्छे संस्कार और अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा और सीख मुझे मेरी मां से मिली। महिलाओं के सम्मान में मुझे यही कहना है कि जो चमकते हैं, सिर्फ वही स्टार नहीं होते! घर की महिला सदस्य रियल स्टार होती हैं, जो हमें बचपन से सपोर्ट देती हैं, एक अच्छा इंसान बनाती हैं, हमें आगे बढ़ने का हौसला देती हैं।